वर्ष : 33 | अंक : 235 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, सोमवार, 11 नवंबर 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## बीजेपी का संकल्प पत्र

# 'हर हाल में बनेगी महायुति सरकार'

## 'एक ट्रिलियन डॉलर की होगी महाराष्ट्र की इकोनामी'

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुंबई के पंचसितारा होटल सोफिटेल में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा का 'संकल्प पत्र' जारी किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, महाराष्ट्र चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव और पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में महाराष्ट्र की इकोनामी एक ट्रिलियन डॉलर होगी।

### पवार व उद्धव ने खुद तोड़ी पार्टी

शाह ने उद्धव ठाकरे, शरद पवार और नाना पटोले को आड़े हाथों लिया। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि यदि शरद पवार अपनी बेटी की जगह अजित पवार और उद्धव ठाकरे बेटे की जगह एकनाथ शिंदे को तवज्जो देते तो उनकी पार्टी कभी न टूटती। उन्होंने कहा जो दल अच्छे नेताओं के स्थान पर अपने परिवार को थोपने का प्रयास करता रहेगा, वे हमेशा टूट-फूट का शिकार होंगे।

### कोई सोच सकता था...?

अमित शाह ने संविधान के मुद्दे पर राहुल गांधी को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि संविधान की खाली पुस्तक लेकर घूमने वाला क्या संविधान का सम्मान करेगा। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बारे में कोई सोच सकता था? कोई सोच सकता था कि ट्रिपल तलाक हटेगा? कोई सोच सकता था कि सीएए आएगा...! 370 हटाने को राष्ट्रीय गौरव बताते हुए शाह ने कहा पहली बार वहां के मुख्यमंत्री ने भारत के संविधान की शपथ ली हैं।

### अपनी जमीन छोड़ चुके हैं उद्धव ठाकरे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं उद्धव ठाकरे से कहना चाहता हूं कि आप उन लोगों के साथ बैठे हैं जो राम मंदिर, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, समान नागरिक संहिता, वक्फ बोर्ड संशोधनों का विरोध करते हैं और सावरकर को अपशब्द कहते हैं। मैं उद्धव ठाकरे जी से पूछना चाहता हूं कि क्या वह कांग्रेस के नेता राहुल गांधी से कह सकते हैं कि वह वीर सावरकर के लिए दो शब्द बोल दें? क्या कांग्रेस का कोई नेता बाला साहब ठाकरे जी के सम्मान में दो वाक्य बोल सकता है? अंतर्विरोध के बीच में अघाड़ी की सरकार बनाने का स्वप्न लेकर जो लोग निकले हैं, उन्हें महाराष्ट्र की जनता जान ले तो अच्छा होगा।

### धर्म के आधार पर आरक्षण गलत

: शाह ने कहा कि उलेमाओं के एक संगठन ने अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण की मांग की और कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोला ने इसे स्वीकार किया। क्या महाराष्ट्र के लोग अनुसूचित जातियों, जनजातियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण का अधिकार मुसलमानों को देने के पक्ष में हैं? हमारे संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है। भाजपा देश में धर्म आधारित आरक्षण की अनुमति नहीं देगी।

### वक्फ बोर्ड संशोधन को कराएंगे पारित

शाह ने कहा कि अगर वक्फ बोर्ड संशोधन नहीं किया जाता है, तो वह आपकी संपत्ति को अपना घोषित कर सकता है। पीएम मोदी संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लेकर आए हैं। 2013 में कांग्रेस के शासनकाल में वक्फ बोर्ड कानून में जो संशोधन लाया गया था, उसका नतीजा देखा जा सकता है। कर्नाटक में वक्फ कानून के तहत कई गांवों को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया गया। किसानों की जमीन, लोगों के घर और यहां तक कि मंदिर की संपत्ति भी वक्फ संपत्ति घोषित कर दी गई।

### 10 साल मंत्री रहते हुए शरद पवार ने क्या किया?

अमित शाह ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के मुखिया और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के चाचा शरद पवार पर भी बड़ा हमला बोला। उन्होंने सवाल किया कि शरद पवार को महाराष्ट्र के लोगों को बताना चाहिए कि संप्रग सरकार में मंत्री रहते हुए उन्होंने लोगों के कल्याण के लिए क्या किया।

### भाजपा का 25 सूत्रीय संकल्प पत्र

- लाडली बहिन योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपए। सलाना 25,200 रुपए देने का वादा।
- किसान सम्मान निधि में किसानों के कर्ज माफी का एलान। सलाना 12,000 की जगह 15,000 रुपए देने की बात।
- हर गरीब को खाद्य सुरक्षा और घर देने का वादा।
- वृद्धावस्था पेंशन धारकों को हर महीने 2,100 और साल में 25,200 रुपए देने का एलान।
- आवश्यक वस्तुओं की कीमत स्थिर रखने का वादा।
- 10 लाख छात्रों को 10,000 रुपए की स्कॉलरशिप और 25 लाख रोजगार।
- 45,000 गांवों में ग्रामीण विकास को नई दिशा देने का वादा।
- आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को 15,000 वेतन और बीमा कवरेज।
- बिजली बिल, सौर ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा में 30 फीसदी की कमी लाने पर फोकस।
- सरकार बनने के 100 दिन के अंदर विजन महाराष्ट्र @2028 पेश करने का वादा।
- महाराष्ट्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना।
- महाराष्ट्र को फिनटेक हब और नागपुर, पुणे, नासिक को एयरोस्पेस हब बनाने का एलान।
- सोयाबीन पर एमएसपी बढ़ाने का वादा। न्यूनतम कीमत 6000 रुपए प्रति क्विंटल करने का संकल्प।
- 2027 तक 50 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे।
- 500 बचत समूहों के लिए 1,000 करोड़ का रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध कराएंगे।
- अक्षय अन्न योजना के तहत निम्न आय वाले परिवारों को मुफ्त भोजन।
- महारथी और अटल टिकरिंग लैब्स योजना के माध्यम से रोबोटिक्स और एआई में प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराएंगे।
- उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार महाराष्ट्र में कौशल जनगणना कराई जाएगी।
- हर जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज आकांक्षा केंद्र की स्थापना।
- एससी- एसटी और ओबीसी समुदाय से उद्यमी तैयार करने की योजना। 15 लाख रुपए तक ब्याज मुक्त ऋण देने का वादा।
- ओबीसी, एसबीसी, आईडब्ल्यूएस और वीजेएनटी छात्रों की ट्यूशन और परीक्षा शुल्क की पूरी प्रतिपूर्ति की जाएगी।
- युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद युवा स्वास्थ्य कार्ड और वार्षिक स्वास्थ्य जांच का एलान।
- महाराष्ट्र के गौरवशाली किलों और ऐतिहासिक विरासत का संरक्षण।
- जबरन धर्म परिवर्तन के विरुद्ध कानून बनाएंगे।
- आधुनिक तकनीक की सहायता से मानव-वन्यजीव संघर्ष साथ ही जंगली जानवरों की सुरक्षा।
- वरिष्ठ नागरिकों के लिए आधार-सक्षम सेवाएं, सरकारी अस्पतालों में स्वतंत्र ओपीडी शुरू करेंगे।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 5 और गिरफ्तारी

## नेपाल भागने से पहले शूटर शिवकुमार चढ़ा पुलिस के हत्थे

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में 5 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में रविवार को शूटर शिवकुमार और उसे पनाह देने वालों को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ उत्तर प्रदेश और मुंबई क्राइम ब्रांच की ज्वाइंट टीम ने इस शूटर को दबोचा है। पुलिस ने इसे नानपारा बहराइच से पकड़ा है।

### नेपाल भागने की फिराक में था आरोपी

बताया जा रहा है कि आरोपी शूटर शिवकुमार नेपाल भागने की फिराक में था। एसटीएफ की टीम का नेतृत्व प्रमेश कुमार शुक्ल की मुख्यालय स्थित टीम के सब इंस्पेक्टर जावेद आलम सिद्दीकी द्वारा किया गया। पुलिस ने शूटर शिवकुमार की गिरफ्तार के अलावा उसे शरण देने और नेपाल भगाने की कोशिश के लिए मदद करने के अपराध में अनुराग कश्यप, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, आकाश श्रीवास्तव और अखिलेषेंद्र प्रताप सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि बहराइच के गण्डारा निवासी शिवा बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल था। मुख्य आरोपी की मुंबई पुलिस एक महीने से तलाश कर रही थी।

## महाराष्ट्र में DGP पर फिर गरमाई सियासत

# संजय वर्मा पर जल्द फैसला ले आयोग

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक पद को लेकर एक बार फिर राजनीति गरमा गई है। आचार संहिता लागू होने के बाद कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मांग की थी कि तत्कालीन पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला का तबादला किया जाए। इसके बाद अब चुनाव आयोग के निर्देशानुसार रश्मि शुक्ला का तबादला होने के बाद कांग्रेस ने एक बार फिर चुनाव आयोग को पत्र भेजकर अहम मांग की है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि संजय कुमार वर्मा को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद पर सशर्त नियुक्त करने का महाराष्ट्र सरकार का कदम संवैधानिक प्रावधानों, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और स्थापित प्रशासनिक सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है। इसके कारण पुलिस महानिदेशक को चुनाव के दौरान तटस्थ और निष्पक्ष रूप से काम करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कांग्रेस ने कहा कि चुनाव आयोग को संजय वर्मा के अस्थायी नियुक्ति आदेश पर शीघ्र निर्णय लेने के लिए अपने अधिकारों का उपयोग करना चाहिए।

### नाना पटोले ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र

नाना पटोले ने चुनाव आोग को पत्र लिखा। इस पत्र में कहा है कि चुनाव आयोग ने, संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत अपनी संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 5 नवंबर, 2024 को बिना किसी शर्त के संजय कुमार वर्मा को महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने के लिए स्पष्ट आदेश जारी किए हैं। नाना पटोले ने कहा कि यह नियुक्ति चुनाव प्रक्रिया के दौरान पुलिस बल की निष्पक्ष और तटस्थ भूमिका सुनिश्चित करने के लिए की गई थी, लेकिन चुनाव आयोग के इस निर्देश का उल्लंघन करते हुए महाराष्ट्र सरकार ने संजय वर्मा की नियुक्ति को आचार संहिता तक सीमित करने का आदेश जारी कर दिया। इस तरह का एकतरफा बदलाव चुनाव आयोग के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने प्रकाश सिंह और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य के मामले में अपने ऐतिहासिक फैसले में पात्रता और राजनीतिक प्रभाव से सुरक्षा के संबंध में डीजीपी की नियुक्ति के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश दिए हैं, जिसका महाराष्ट्र सरकार ने भी उल्लंघन किया है।

# 500 में सिलेंडर, महिलाओं को 3 हजार रुपए

**धीरज सिंह । मुंबई**

भारतीय जनता पार्टी के बाद रविवार को महाविकास अघाड़ी ने भी अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। महाविकास अघाड़ी ने महाराष्ट्र की जनता के सामने अपनी पांच गारंटियों को रखा। घोषणापत्र में बेरोजगार युवाओं को हर महीने 4000 रुपए देने का वादा किया गया है। कांग्रेस ने 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को भी खत्म करने का एलान किया है।

एमवीए का वचननामा

### 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा

खरगे ने कहा कि समय पर कर्ज चुकाने वाले किसानों को 50000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को साल में छह सिलेंडर देंगे। गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपए होगी। प्रदेश में जाति जनगणना भी कराई जाएगी। खरगे ने आगे कहा कि यह महाराष्ट्र के भविष्य को बदलने का चुनाव है। महाविकास अघाड़ी ने 100 दिन का एजेंडा भी जारी किया।

### सभी के कल्याण में सहायक होंगी हमारी पांच गारंटी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारी पांच गारंटी महाराष्ट्र में सभी के कल्याण में सहायक होंगी। प्रत्येक परिवार को लगभग 3 लाख रुपए की वार्षिक सहायता मिलेगी। हमारी महालक्ष्मी योजना सभी महिलाओं को वित्तीय सहायता देगी। इसके तहत महिलाओं को हर महीने 3000 रुपए दिए जाएंगे। महाराष्ट्र की महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा शुरू करेंगे।

### खरगे बोले- मुफ्त में दवाइयां देंगे

रविवार को महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने महाराष्ट्रनामा नाम से अपना घोषणा पत्र जारी किया। खरगे ने कहा कि घोषणापत्र महाराष्ट्र की प्रगति और विकास के पांच स्तंभ खेती और ग्रामीण विकास, उद्योग और रोजगार, शहरी विकास, पर्यावरण और जन कल्याण पर आधारित हैं। युवाओं को चार हजार रुपए का भत्ता दिया जाएगा। राजस्थान में अशोक गहलोत ने 25 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत की थी। अब इस योजना को महाराष्ट्र में लागू किया जाएगा। खरगे ने मुफ्त दवाइयां देने का वादा किया। हमने जाति जनगणना करने का फैसला किया है। तमिलनाडु की तर्ज पर आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा को हटा दिया जाएगा।

### महाविकास अघाड़ी की पांच गारंटी

**1. महालक्ष्मी**

- महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपए देने का वादा।
- महिलाओं को बसों में मुफ्त सफर की सुविधा।

**2. समानता की गारंटी**

- जातिगत जनगणना कराने का वादा।
- 50 फीसदी आरक्षण की सीमा हटाने की बात।

**3. कुटुंब रक्षा**

- 25 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा का वादा।
- मुफ्त दवाओं की सुविधा।

**4. कृषि समृद्धि**

- किसानों का 3 लाख रुपए तक कर्ज माफ करने का वादा।
- नियमित कर्ज चुकाने पर 50,000 रुपए का प्रोत्साहन।

**5. युवाओं को वचन**

- बेरोजगारों को हर महीने 4,000 रुपए की आर्थिक सहायता

# घर बैठे मतदान की सुविधा से हजारों वृद्ध और दिव्यांग वंचित, 85 हजार में से केवल 2449 ने दिया वोट

**डीबीडी संवाददाता । नासिक**

विधानसभा चुनाव के प्रचार के बीच 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं और विशेष आवश्यकता वाले लोगों के लिए घर बैठे मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई है। लेकिन, जिले में 85 हजार से अधिक मतदाता होने के बावजूद केवल 2,449 मतदाता ही घर बैठे मतदान कर पाएंगे। केंद्रीय अधिकारियों द्वारा मतदान करवाने के लिए कई घरों तक नहीं पहुंच पाने के कारण हजारों वरिष्ठ और विशेष आवश्यकता वाले लोग मतदान से वंचित रह सकते हैं। लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी 85 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और विशेष आवश्यकता वाले लोगों को घर बैठे मतदान की सुविधा दी गई है। जिले में 85 हजार से अधिक ऐसे मतदाता हैं, लेकिन यह सुविधा केवल 2,449 मतदाताओं को मिल पाएगी। टपाली मतपत्रिका द्वारा संबंधितों के घर जाकर मतदान कराया जा रहा है, लेकिन घर बैठे मतदान करने वालों की संख्या बहुत कम है। मतदान केंद्रों पर नहीं आ सकने वाले पात्र मतदाताओं को यह सुविधा मिलनी थी।

## घर-घर नहीं पहुंचाए गए 12 डी फॉर्म

निर्वाचन आयोग ने पहले घोषणा की थी कि 12 डी फॉर्म संबंधित लोगों के घर पर पहुंचाए जाएंगे, लेकिन बाद में केंद्रीय स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) से संपर्क करने का आग्रह किया गया। इस पर कई वरिष्ठ नागरिकों को अधिकारियों का फोन नंबर नहीं मिला और वेबसाइट से इसे ढूंढना उनके लिए मुश्किल था। अधिकारियों ने भी फॉर्म घर तक पहुंचाने की जहमत नहीं उठाई, जिसके परिणामस्वरूप घर बैठे मतदान करने की इच्छा रखने वाले लोगों की संख्या में जबरदस्त गिरावट आई है।

# मुंबई के शिवाजी पार्क मैदान में चुनावी सभा लेकर छिड़ी जंग मनपा की महायुति हां, उद्धव, राज ठाकरे को ना!

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) को बड़ा झटका लगा है। महाराष्ट्र के इन दोनों प्रमुख क्षेत्रीय पार्टियों को विधानसभा चुनाव के दौरान ऐतिहासिक शिवाजी पार्क मैदान पर सभा की अनुमति नहीं मिली है। दूसरी तरफ बीजेपी, सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को मनपा से शिवाजी पार्क में सभा की अनुमति मिल गई है। शिवाजी पार्क मैदान साल में 45 दिन विभिन्न आयोजनों और सभा आदि के लिए आरक्षित रहता है। हालांकि, यह अवधि समाप्त होने के कारण यूबीटी और मनसे को सभा के लिए मैदान नहीं मिलेगा। वहीं पहले से आवेदन करने वाली बीजेपी, अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और सीएम शिंदे की शिवसेना को अनुमति मिल गई है।

बताया जा रहा है कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) ने 17 नवंबर को सभा के लिए मैदान लेने के लिए मनपा को रिमाइंडर भेजा है। इस संबंध में प्रस्ताव मनपा आयुक्त को भेजा जायेगा। इसके बाद प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए नगर विकास विभाग को भेजा जाएगा। चुनाव की घोषणा के बाद मनसे ने 17 नवंबर की सभा के लिए मैदान पाने के लिए 14 अक्टूबर को आवेदन किया था। फिर 15 अक्टूबर को दोबारा आवेदन किया गया। वहीं, उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने भी आवेदन दिया है।

# मतदान शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके हो, जिला चुनाव अधिकारी ने राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के साथ की बैठक

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

विधानसभा चुनाव का 20 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। मतदान करवाने के लिए अब तक की गई चुनाव की तैयारी व चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के साथ में जिलाधिकारी व जिला चुनाव अधिकारी अशोक शिनगारे के अध्यक्षता में बैठक को आयोजित किया गया।जिला चुनाव अधिकारी शिनगारे ने कहा कि 20 नवंबर को मतदान केंद्रों पर चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से होने के लिए सभी राजनीतिक दलों के उपस्थित उम्मीदवारों से सहयोग करने के लिए आवाहन किया। इस अवसर पर निवासी उपजिलाधिकारी डॉ.संदीप माने, उप जिला चुनाव अधिकारी वैशाली माने,उपजिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटील,आचारसंहिता कक्ष सहायक समन्वय अधिकारी सुकेशिनी पगारे व विविध राजनीतिक दलों के प्रतिनिधी उपस्थित थे।इस बैठक में जिले की 18 विधानसभा चुनाव क्षेत्र में 85 साल उम्र व दिव्यांग मतदाताओं के लिए गृह मतदान की चल रही व्यवस्था की जानकारी दी गई।11 से 15 नवंबर तक 18 विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में EVM Commissioning का काम चुनाव निरीक्षक के उपस्थिति में चल रहा है, वहां पर उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित होकर सभी प्रक्रिया का निरीक्षण करें।ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों पर लगाने व निकालने के साथ ही सुरक्षा कक्ष में सील करते समय उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित होकर निरीक्षण करें।मतदान के शुरुआत में मॉक पोल सुबह 6.00 बजे शुरू होगा, जिस समय उम्मीदवार,चुनाव एजेंट,मतदान एजेंट उपस्थिति प्रक्रिया का निरीक्षण कर सकते हैं और साथ ही मुहरों का भी निरीक्षण कर सकते हैं।मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद, पोलिंग एजेंट को 17सी भाग-1 की एक प्रति दी जाएगी, जिसमें मतदान एजेंटों द्वारा प्राप्त मशीन नंबर, 17सी भाग-1 का उल्लेख होगा और उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों द्वारा गणना एजेंट को जमा किया जाएगा। इस बैठक में यह भी कहा गया कि वह सत्यापन कर सकते हैं।जिलाधिकारी व जिला चुनाव निर्णय अधिकारी अशोक शिंगारे ने कहा कि जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया को अत्यंत निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कराने के लिए मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण निगरानी मतदान अधिकारी के समक्ष की जा रही है।

# बहनों की सुरक्षा के लिए ओमी कालानी को विजय बनाये: सुप्रिया सुले

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर के संपूर्ण विकास के लिए तथा पानी,बिजली,सड़क यातायात की समस्या व बहनों की सुरक्षा के लिए डैसिंग व कर्मठ महाआघाड़ी के युवा उम्मीदवार ओमी कालानी को अपना अमूल्य वोट देकर भारी बहुमत से विजयी बनाएं। मैंने लाल संविधान अपने हाथ में लिया है हिम्मत है, तो गिरफ्तार करके दिखाएं। उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र के स्काई डॉम हॉल में शनिवार की शाम आयोजित प्रचार महासभा में राकां सुप्रीमो शरद पवार की बेटी सांसद सुप्रिया सुले ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा।

हजारों लोगों की उपस्थिति में राकां नेत्री सांसद सुप्रिया सुले ने भाजपा -सेना नेताओं को निशाना बनाते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार में बैठे नेता झूठे वादे कर जनता को गुमराह करते हैं, सुप्रिया सुले ने केंद्र व राज्य सरकार को भयंकर बाढ़, सूखा एवं मुसीबतों के समय जनता का ख्याल नहीं करने वाली भाजपा-सेना की जन विरोधी सरकार करार दिया और उपस्थित मतदाताओं से ओमी कालानी को वोट देकर बदलाव करने की अपील की। इस अवसर पर राकां उम्मीदवार ओमी कालानी ने उल्हासनगर में हर संभव विकास करने का आश्वासन देते हुए मतदाताओं से अपना आशीर्वाद देंने की अपील की।

इस चुनाव प्रचार सभा में कल्याण पूर्व ठाकरे गट के उम्मीदवार घनजय बोडरे,पंचम कालानी (पूर्व महापौर), राकां के उत्तर भारतीय नेता संतोष पांडे,कमलेश निकम,मनोज लासी, राकां प्रदेश प्रवक्ता महेश तपासे,सचिन पोते,गजानंद शेलके,शिवाजी रगड़े सहित राकां, कांग्रेस,शिवसेना के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हजारों स्थानीय नागरिक महिला-पुरुष युवा उपस्थित थे।

# 148 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर सुविधाओं को लेकर एएमएफ पर बैठक

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

148 ठाणे विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर सुविधाओं को लेकर एएमएफ पर जिलाधिकारी कार्यालय के समिति सभागृह में एक बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में चुनाव निर्णय अधिकारी उर्मिला पाटील, सहायक चुनाव निर्णय अधिकारी डॉ.आसावरी संसारे व समन्वय अधिकारी धनंजय मोदे के उपस्थिति में बैठक हुई। भारत चुनाव आयोग के दिए निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केंद्रों पर उपलब्ध होने वाले मूलभूत सुविधाओं के विषय में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली गई।मतदाता को मतदान करने के लिए बोर्ड पर लिखित जानकारी, मतदाता केंद्र पर जाने के लिए एरो,वाहन पार्किंग व्यवस्था, मंडप,पीने के लिए पानी,व्हील चेयर, डोली,स्वतंत्रत शौचालय आदि व्यवस्था की जानकारी ली गई।

# केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सुलभा गायकवाड़ के लिए भावुक होकर मांगे वोट

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

कल्याण पूर्व के कशिश होटल में एक सभा के दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जनता से भावुक होकर गणपत गायकवाड़ की पत्नी सुलभा गायकवाड़ को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने के विरोधियों के प्रयासों को विफल करें और राज्य के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देकर महिलाओं की ताकत बढ़ाए।इस आयोजन में बड़ी संख्या महिलाएं उपस्थित थी।

साथ ही स्मृति ईरानी ने विरोधियो पर हमला बोलते हुए विरोधी समाज में वोट जिहाद के नाम पर फूट डालने का प्रयास कर रहे हैं। जनता को आग्रह किया कि इन प्रयासों का विरोध करें और भाजपा को वोट दें ताकि राज्य का विकास सुचारू रूप से जारी रह सके।और लाड़ली बहनों को चालू रखते हुए 15 सौ रुपये से बढ़ाकर 21 सौ रुपये करने की योजना है। मंत्री ईरानी ने मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए अनुच्छेद 370 को हटाने को एक बड़ी उपलब्धि बताया, जिससे जम्मू-कश्मीर में महिलाओं और आदिवासियों को विशेष अधिकार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने जनता को आह्वान करते हुए कहा कि विरोधियों को 'रीजेक्शन का इंजेक्शन' देकर कल्याण पूर्व के विकास का समर्थन करें।

# नासिक में अब तक 8.29 करोड़ का माल जब्त, मतदान के दिन तक जारी रहेगी कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता । नासिक**

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन ने मतदाताओं पर प्रभाव डालने के लिए उपयोग की जाने वाली वस्तुओं और नकदी, शराब व ड्रग्स के वितरण पर रोक लगाई हुई है। इन सबके बावजूद यहां अब तक 8.29 करोड का माल प्रशासन के जब्त कर लिया है। इस संबंध में जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी जलज शर्मा ने बताया कि शनिवार 9 नवंबर तक जिले में लगभग एक करोड़ 77 लाख से ज्यादा कैश और कुल 8 करोड़ 29 लाख 71 हजार रुपये का माल जब्त किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मतदान के दिन तक पुलिस और और जिला प्रशासन की विभिन्न टीमों द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखकर कार्रवाई की जाएगी। जिले में आचार संहिता लागू होने के बाद से जगह-जगह नाकाबंदी कर तलाशी ली जा रही है और शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अब तक 25 लाख कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। इसमें इगतपुरी से गांजा सहित 20 लाख 34 हजार रुपये का मादक पदार्थ, चांदवड से 42 हजार, देवलाली से 13 हजार, मालेगांव मध्य से 1 लाख 65 हजार, मालेगांव बाहर से 2 हजार और निफाड से 2 लाख 1 हजार रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। पुलिस ने अपनी कार्रवाइयों में जिले से कुल 1 करोड 30 लाख 82 हजार रुपये कीमत का सोना जब्त किया है। इसमें नासिक मध्यम से 1 करोड 14 लाख रुपये का सोना और सिन्नर निर्वाचन क्षेत्र से 15 लाख 82 हजार रुपये का माल जब्त किया गया है। पूरे जिले में सभी 15 निर्वाचन क्षेत्र से अवैध शराब भी जब्त की गई है। इसमें कुल ढाई लाख लीटर शराब जब्त की गई है, जिसमें इगतपुर से 79 हजार 721 लीटर, बागलाण से 55 हजार 839 लीटर, नांदगाव से 41 हजार 266 लीटर शराब जब्त की गई है। यह कार्रवाई निर्वाचन आयोग की आचार संहिता के तहत की गई।

# अजित पवार को महायुति में शामिल करने को लेकर भाजपा महासचिव का बड़ा खुलासा,

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र में 288 विधनासभा सीटों के लिए 20 नवंबर को चुनाव होना है। वहीं 23 नवंबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव में राज्य में दो प्रमुख गठबंधन है। एक तरफ महायुति तो दूसरी ओर महा विकास अघाड़ी। महायुति में बीजेपी के साथ एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है। महायुति में अजित पवार को और बीजेपी के बीच कई सीटों पर टकराव के खबरों के बीच भाजपा महासचिव विनोद तावडे का बड़ा बयान सामने आया है। 70 हजार करोड़ के घोटाले के आरोप के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार को साथ लेने के कारण बीजेपी की पहले ही काफी किरकिरी हो चुकी है। लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी को खामियाजा भुगतना पड़ा है। विधानसभा चुनाव में बीजेपी को अपनी कुछ सीटों के साथ-साथ उम्मीदवार भी अजित पवार की एनसीपी को देने पड़े। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे ने अजित पवार को महायुति में शामिल करने को लेकर बड़ा खुलासा किया है। तावडे ने रविवार को एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि मजबूत निर्णय के लिए मजबूत सरकार की जरूरत होती है और इसके लिए हमने अजित पवार के अपने साथ लिया। विधानसभा चुनाव के दौरान अजित के हिस्से में आई दर्जन भर सीटों के लिए बीजेपी ने अपने उम्मीदवार दिए हैं।

# कल्याण में भाजपा में आपसी मनमुटाव खुलकर सामने आया

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**

हिंदी भाषी समाज द्वारा कल्याण के कशिश हॉल में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह से हिंदी भाषी समाज का आपसी मनमुटाव खुलकर सामने आ रहा है।इस आयोजन को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिल्हा अध्यक्ष सन्दीप सिंह ने अपने फेसबुक पर पोस्ट डालते हुए इस कार्यक्रम से कोई भी सबंध होने से इंकार किया गया।। मैं इस कार्यक्रम का हिस्सा नहीं हूं। मेरा इस कार्यक्रम से कोई भी सबंध नही है कि पोस्ट से कल्याण हिंदी भाषी समाज अचरज व्यक्त किया जा रहा है। कल्याण के कशिश हॉल में रविवार शाम हिंदी भाषी समाज द्वारा सुजाता गायकवाड़ को समर्थन को लेकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।इस कार्यक्रम के आयोजन से पहले संदीप सिंह के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर भाजपा और हिंदी भाषी समाज के बीच मनमुटाव खुलकर सामने आ रहा है। कि क्या हिंदी भाषी समाज का यह आयोजन वास्तव में सभी हिंदी भाषियों के लिए है, या इसे भाजपा के ही चुनिंदा लोगों तक सीमित रखा गया है? सिंह ने अपनी पोस्ट में यह भी संकेत दिया कि उन्हें इस कार्यक्रम के बारे में सूचित नहीं किया गया था और यदि यह सच में हिंदी भाषी समाज का कार्यक्रम है, तो इसमें सभी प्रमुख हिंदी भाषियों को आमंत्रित किया जाना चाहिए था, न कि केवल चुनिंदा लोगों को।हिंदी भाषी समाज का यह विवादास्पद कार्यक्रम आखिरकार हिंदी भाषी समाज के एकीकरण की भावना को मजबूत करेगा या भाजपा में गुटबाजी को और बढ़ावा देगा, यह देखना बाकी है।

इस बारे में विजय उपाध्याय ने कहा कि इस विषय पर संदीप सिंह को विश्वास में लिया गया था, लेकिन कार्ड प्रिंट होने के बाद उन्होंने नाम शामिल करने से मना कर दिया, जो की नाम हटाना संभव नहीं था। इस मुद्दे पर कई बार मेरी उनसे बातचीत भी हुई थी।

# शिंदे की शिवसेना के उत्तर भारतीय नेता ठाकरे गुट के उम्मीदवार दीपेश म्हात्रे के साथ मंच पर

**डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली**

डोंबिवली पश्चिम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शिवसेना ठाकरे गुट के विधानसभा चुनाव के उम्मीदवार दीपेश म्हात्रे और शिंदे गुट के उत्तर भारतीय नेता विश्वनाथ दुबे एक ही मंच पर नजर आए, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। यह कार्यक्रम, जो कि 7 नवंबर को डोंबिवली के मोठागांव खाड़ी किनारे छठ पूजा और गंगा आरती के अवसर पर आयोजित किया गया था, शिवसेना ठाकरे गुट के उम्मीदवार दीपेश म्हात्रे ने आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में ठाकरे गुट की प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी भी मौजूद थीं।

शिंदे की शिवसेना के उत्तर भारतीय नेता और कल्याण लोकसभा उपसंघटक पद पर कार्यरत विश्वनाथ दुबे और दीपेश म्हात्रे के साथ मंच पर दिखाई दिए। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पहले विश्वनाथ दुबे ने उत्तर भारतीयों की ओर से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सासंद श्रीकांत शिंदे से उम्मीदवारी मांगी थी। लेकिन उन्हें उम्मीदवारी नहीं दी गई। इस बारे मे बात करते हुए, विश्वनाथ दुबे ने कहा की मंच पर आना एक संयोग था। वहां उत्तर भारतीयों के छठ पूजा का कार्यक्रम था। धार्मिक कार्यक्रम होने के नाते में वहां प्रमुख अतिथियों के साथ मंच पर मौजूद था।

# कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भरारी टीम ने 1 करोड़ 20 लाख रुपये की नकदी की जब्त

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**

कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के चुनाव विभाग की भरारी टीम ने कल्याण के लिए भिवंडी बापगांव के गांधारी पुल के पास चेक पोस्ट की जांच की और पाया कि एटीएम में पैसे बदलने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सीएमएस वाहन कैश वैन में कोई पर्याप्त दस्तावेज नहीं थे। जिसे टीम ने जब्त कर कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के छह चुनाव निर्णायक अधिकारियों को राजस्व विभाग को सौंप दिया। यह जानकारी तहसीलदार सचिन शेजल ने दी।

# 'कांग्रेस और महाअघाड़ी गैंग के लोग महिलाओं का अपमान कर रहे', महाराष्ट्र में बरसे सीएम पुष्कर धामी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सभी क्षेत्रों में विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में कोई घोटाला नहीं हुआ।

"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सभी क्षेत्रों में विकास कर रहा है। हर क्षेत्र में प्रगति हो रही है। मोदी सरकार में कोई घोटाला नहीं हुआ है। महाराष्ट्र सरकार ने लोगों की भलाई के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। लाडली बहना योजना उनमें से एक है। डबल इंजन की सरकार ने जबरदस्त काम किया है। मैं आप सभी से विकास के लिए वोट करने की अपील करने आया हूं," मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नालासोपारा विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार राजन नाइक और वसई विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार स्नेहा दुबे के पक्ष में महाराष्ट्र के मुंबई में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा, "कांग्रेस और महाअघाड़ी गैंग के लोग लगातार महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। विपक्षी दलों में महिला विरोधी नीतियां साफ दिखाई दे रही हैं। कांग्रेस ने हमेशा सनातन का विरोध किया है। उन्होंने सनातन को डेंगू और बीमारी तक कह दिया है। जिस राम मंदिर के लिए हमने दिन-रात संघर्ष किया, उसका कांग्रेस ने मजाक उड़ाया। शिवसेना संस्थापक स्वर्गीय बाला साहेब ठाकरे जी ने हमेशा राम मंदिर निर्माण के आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लेकिन उनके बेटों ने उनसे हाथ मिला लिया जो हमेशा राम मंदिर के खिलाफ रहे।"

सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य सरकार ने प्रवासी सम्मेलन का आयोजन किया। उत्तराखंड लगातार आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन का काम तेज गति से चल रहा है।

DBD
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
दो बजे दोपहर

# एमएनएस के समर्थन से बनेगी महाराष्ट्र में सरकार

## राज ठाकरे ने बीजेपी का किया सपोर्ट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अकेले दम पर चुनाव मैदान में उतरी है। लेकिन सियासी गलियारों में चर्चा हो रही है कि राज ठाकरे किस पाले में जाएंगे। लोकसभा चुनाव के दौरान बीजेपी और एनडीए को बिना शर्त समर्थन करने वाले राज ठाकरे ने विधानसभा चुनाव में अकेले जाने का रास्ता चुना। वहीं दूसरी ओर पहली विधानसभा चुनाव लड़ रहे एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे का बीजेपी समर्थन कर रही है।

एक इंटरव्यू में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि मैं महायुति में भाजपा के साथ हूं। राज ठाकरे ने अकेले चुनाव लड़ने के फैसले को लेकर कहा कि 'मैंने लोकसभा चुनाव में बीजेपी का समर्थन का किया था लेकिन उसी समय पार्टी के कार्यकर्ताओं से यह भी कहा था कि विधानसभा चुनाव की तैयरी में लग जाओ।'

राज ठाकरे कहा कि उन्हें लगता है कि महाराष्ट्र में चुनाव परिणामों के बाद महायुति की सरकार बनने जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस महायुति सरकार को स्थापित करने के लिए मनसे के समर्थन की आवश्यकता पड़ेगी। राज ठाकरे ने कहा कि बीजेपी का मुख्यमंत्री बनाने के सवाल पर कहा कि 'महायुति उनका गठबंधन है मेरी पार्टी बाहर की पार्टी है। लेकिन हमारी पार्टी और मेरा कंफर्ट जोन भाजपा के साथ है।'

### 'मैंने आदित्य के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारा'

2019 के विधानसभा चुनाव में आदित्य ठाकरे जब वर्ली से चुनाव लड़ रहे थे तब मैंने एक अच्छी भावना के तहत उनके खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारा। जबकि वर्ली में मनसे के 40 हजार के लगभग मतदाता है। लेकिन मुझे लगा कि मेरे परिवार से कोई व्यक्ति चुनाव लड़ रहा है तो मुझे उसके खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारना चाहिए। इसके लिए मैंने किसी से बात नहीं की थी। इस बार जब अमित ठाकरे के चुनाव लड़ने के बात हुई तो हमारी पार्टी ने उनका नाम पहले ही घोषित कर दिया था। अगर उद्धव ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) को लगता कि अमित के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारना चाहिए तो नहीं उतारना चाहिए था। लेकिन मैंने इसके लिए किसी से बात नहीं की।

### 'मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटने चाहिए'



राज ठाकरे ने कहा कि मस्जिदों से लाउडस्पीकर से बैन होने चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर लाउडस्पीकर से यदि किसी को परेशानी हो रही है तो इसे बंद कर देना चाहिए। राज ठाकरे ने कहा कि कौन सा धर्म है जो कहता है कि लोगों को परेशान करो।

# महाराष्ट्र को बनाएंगे देश का नंबर 1 राज्य!

## देवेंद्र फडणवीस बोले- 100 दिन में तैयार करेंगे विजन डॉक्यूमेंट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीजेपी का घोषणापत्र जारी किया। जिसे संकल्प पत्र का नाम दिया गया है। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाकर देश का नंबर एक राज्य बनाने का संकल्प लिया है। 25 चुनावी वादों वाले इस घोषणा पत्र में लाडली बहनों को 2100 रुपए, 2027 तक 50 लाख लखपति दीदी बनाने, किसानों की कर्जमाफी, एमएसपी की जगह भावांतर योजना, वृद्धा पेंशन योजना की राशि बढ़ाकर 1500 से 2100 रुपए करना, नए उद्योजक तैयार करने के लिए 15 लाख रुपए का ब्याज रहित कर्ज, धर्मांतरण के खिलाफ कठोर कानून आदि वादे महाराष्ट्र की महायुति सरकार के घोषणा पत्र में शामिल हैं।

### काम करने का संकल्प पत्र

इस मौके पर महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जिस प्रेरणा से हम भारत में काम कर रहे हैं, उन्हीं संकल्पनाओं को महाराष्ट्र में लागू करने वाला यह संकल्प पत्र है। यह पूरी ताकत के साथ काम करने का संकल्प पत्र है।

### राहुल गांधी और कांग्रेस पर साधा निशाना

गृहमंत्री शाह ने कहा कि बीजेपी की सरकारों ने अब तक दिए हुए वचनों में से अपने ज्यादातर वादे पूरे किए हैं। महाराष्ट्र एक मजबूत, समृद्ध और सुरक्षित राज्य बने ऐसा भरोसा शाह ने दिलाया। साथ ही लोगों से अपील की कि संविधान की नकली प्रति को हाथ में लेकर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और संविधान का अपमान करने वाले राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस का समर्थन न करें।

भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को स्थिर करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करेंगे। हम महाराष्ट्र में 25 लाख नौकरियां पैदा करने जा रहे हैं। साथ ही स्कॉलरशिप से 10 लाख छात्रों को लाभ होगा। सरकार बनने के 100 दिन के अंदर हम एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार करेंगे। मेक इन महाराष्ट्र नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और वन एवं संस्कृति मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता रावसाहेब पाटिल दानवे, मुंबई भाजपा अध्यक्ष विधायक आशीष शेलार, वरिष्ठ नेता डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।

# पनवेल में शेकाप को लगा झटका, पार्टी के बड़े नेता ने समर्थकों के साथ ज्वाइन की बीजेपी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

चुनाव से पहले ही शेकाप को एक बार फिर से पनवेल में भारी झटका लगा है। शेकाप की स्वार्थी राजनीति से तंग आकर सुकापुर ग्राम पंचायत के सदस्य चंद्रकांत चहुशेठ पोपेटा शेतकरी कामगार पक्ष से इस्तीफा दिया और अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। चंद्रकांत पोपटा के साथ गुरुनाथ पाटिल, सुरेश गुप्ता, दीपक गायकवाड़ और उनके समर्थक

भाजपा में शामिल हुए, उन्हें राज्य के लोक निर्माण मंत्री रविंद्र चव्हाण भाजपा में शामिल किया। इस मौके पर विधायक प्रशांत ठाकुर, उरण भाजपा विधायक महेश बालदी, संगठन मंत्री सतीश धोंड आदि उपस्थित थे।

### गुजराती लोहाणा समाज के युवा नेता ने थामा कमल

विधायक प्रशांत ठाकुर की कार्यप्रणाली पर विश्वास करते हुए समस्त गुजराती लोहाना समाज के युवा नेता नील पुजारा ने अपने समर्थकों के साथ सार्वजनिक रूप से भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। इस मौके पर राज्य के लोक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण ने उनका पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर गोवा विधायक दयानंद सोपटे, बालासाहेब पाटिल, जिला अध्यक्ष अविनाश कोली, पूर्व महापौर कविता चौतमोल आदि मौजूद थे। चर्मकार समाज के लोग महायुति के प्रत्याशी प्रशांत ठाकुर के साथ मजबूती खड़े हैं, यह बात राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और चर्मकार समाज के नेता शिवदास कांबले ने पनवेल में आयोजित बैठक के दौरान कही।

# कांग्रेस ने बागी उम्मीदवारों पर कसा शिकंजा

## 16 प्रत्याशी छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

कांग्रेस ने चुनाव में टिकट न मिलने पर बागी हुए नेताओं पर शिकंजा कसा है। कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने 16 बागी उम्मीदवारों को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने पिछले दिनों एलान किया था कि बागियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बागियों को दिए गए थे नोटिस

कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने गुरुवार को जानकारी साझा करते हुए बताया था कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी का मत साफ है, जो भी प्रत्याशी महा विकास अघाड़ी की तरफ से खड़े किए गए हैं, वहीं हमारे आधिकारिक प्रत्याशी है। महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले सभी बागियों को छह साल के लिए निलंबित कर दिया गया। रमेश चेन्निथला ने कहा था कि जिला इकाइयों को 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए अभी भी मैदान में मौजूद बागियों की सूची तैयार करने और उन्हें नोटिस देने के लिए कहा गया है। कोई दोस्ताना मुकाबला नहीं होगा।

# महाराष्ट्र में किसानों को छोड़ 370 का राग अलापते हैं पीएम: उद्धव

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र का सियासी तापमान सातवें आसमान पर है। सूबे में विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को वोटिंग होनी है। इससे पहले उद्धव ठाकरे प्रदेश शिवसेना का माहौल बनाने में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। उद्धव रविवार को मुबंई में भाजपा की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर जम कर बरसे। शिवसेना प्रमुख ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को रद्द किये जाने को लेकर रविवार को भाजपा का मखौल उड़ाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से यह बताने को कहा कि इस प्रावधान के समाप्त होने के बाद कितने कश्मीरी पंडित अपने गृह राज्य घाटी वापस जा सके?

### पीएम मोदी ने कितने कश्मीरी पंडितो को घाटी में बसाया?: उद्धव

उन्होंने मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'बालासाहेब तो प्रधानमंत्री भी नहीं थे। उस फैसले को कितने साल हो गए हैं। आप कितने कश्मीरी पंडितों को घाटी में बसाने में सफल रहे हैं?' उन्होंने कहा कि मोदी और शाह अनुच्छेद 370 और राम मंदिर की बात करते हैं, जबकि महाराष्ट्र के लोग रोजगार चाहते हैं।

### किसानों के बजाय 370 पर बोलते हैं पीएम : ठाकरे

सोलापुर जिले के सांगोला में एक रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने प्रधानमंत्री पर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के अपने भाषणों में किसानों की समस्याओं के बजाय अनुच्छेद 370 के बारे में बोलते हैं। जिनका केंद्र द्वारा समाधान नहीं किया गया है। भारतीय जनता पार्टी नियमित रूप से दावा करती रही है कि पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त किये जाने से अशांत पूर्ववर्ती राज्य में शांति आई है और दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को आरक्षण का लाभ भी मिला है।

### 'शाह की याददाश्त खो गई क्या?'

ठाकरे ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की 'याददाश्त खो गई है' क्योंकि वह यह दावा कर रहे हैं कि वह (उद्धव ठाकरे) उन लोगों के साथ बैठे हैं जिन्होंने अनुच्छेद 370 रद्द किये जाने का विरोध किया था। शिवसेना यूबीटी प्रमुख ठाकरे ने कहा, 'वह भूल जाते हैं कि मैं इस फैसले के समर्थन में उनके साथ था। मुझ पर जासूसी करने के बजाय महाराष्ट्र और देश के लोगों को बताएं कि कितने कश्मीरी पंडित कश्मीर घाटी में अपने घरों को लौटे हैं। जब वे (कश्मीरी पंडित) अपने घरों को छोड़कर निकले थे, तब मोदी और शाह को कोई नहीं जानता था और वह बाला साहेब ठाकरे ही थे, जिन्होंने उन्हें महाराष्ट्र में आश्रय दिया था।'

महाराष्ट्र चुनाव

# धारावी में कांग्रेस-शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प, कई घायल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। हर पार्टी अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए जमकर प्रचार कर रही है। बड़े-बड़े नेता महाराष्ट्र आकर अपनी-अपनी पार्टियों का प्रचार कर रहे हैं।चुनाव के चलते राज्य में आचार संहिता लागू है। इसलिए सभी प्रशासनिक और सुरक्षा प्रणालियां अलर्ट मोड पर हैं। इस बीच मुंबई के धारावी में कांग्रेस और एकनाथ शिंदे गुट के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। बात इतनी बढ़ गई है कि कुछ कार्यकर्ताओं के बीच में झड़प भी देखने को मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, धारावी में कांग्रेस और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए हैं। प्रचार के दौरान दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। इस मौके पर दोनों तरफ से जमकर नारेबाजी हुई। उन्होंने एक दूसरे को धक्का भी दिया।

### सांसद वर्षा गायकवाड़ के पति पर धक्का देने का आरोप

आरोप है कि शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने जयश्री राम के नारे लगाते हुए सांसद वर्षा गायकवाड़ के पति राजू गोडसे को भी धक्का दे दिया। इस घटना से धारावी में तनाव का माहौल देखा जा सकता है। घटना के बाद संबंधित इलाके में पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है।किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए पुलिस सावधानी बरत रही है। संबंधित घटना के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। पुलिस की ओर से हर तरह की सावधानी बरती जा रही है। विधानसभा चुनाव में अब सिर्फ 9 दिन बचे हैं। ऐसे में ऐसी घटना अप्रत्याशित है। अब इस घटना के बाद दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं की क्या भूमिका है? ये देखना अहम होगा।

# अमित शाह के तुष्टिकरण के दावे को नाना पटोले ने किया खारिज

## बोले- हम 'हिंदू-मुस्लिम' में नहीं फंसेंगे



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुलढाना के मल्कापुर में रविवार दोपहर आयोजित चुनावी रैली में एवीएम और कांग्रेस के नेताओं पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि कांग्रेस ने उलेमा काउंसिल की मुस्लिम आरक्षण की मांग पर सहमति जताई है। जिसके मुताबिक मुख्य विपक्षी पार्टी ने नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण देने की उलेमा परिषद की मांग को स्वीकार कर लिया है। इस पर नाना पटोले ने अमित शाह पर पलटवार करते हुए उनके दावे को खारिज किया है। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तुष्टिकरण के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि हम मुख्य मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं और हिंदू-मुस्लिम के फर्जी विमर्श में नहीं फंसेंगे।

### नाना पटोले ने आरोप को किया खारिज

महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने मुंबई में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान अमित शाह के कांग्रेस ने मुस्लिम आरक्षण की मांग स्वीकार करने वाले दावे को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि "कांग्रेस और महा विकास अघाड़ी मुख्य मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं और हिंदू-मुस्लिम के फर्जी विमर्श में नहीं फंसेंगे।" आपको बता दें कि बीजेपी नेता अमित शाह ने कहा था कि "हमारे संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है। फिर भी कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले आरक्षण का वादा किया।"

### शाह ने लगाया उलेमा काउंसिल की मांग मानने का आरोप

बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शाह ने कहा कि 'महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण समाप्त करने और इसे उलेमा काउंसिल की मांग पर मुसलमानों को देने पर सहमति जताई है।' अमित शाह ने जनसभा में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुस्लिम समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लाभों को खत्म कर देगी। क्योंकि आरक्षण कोटे पर 50 प्रतिशत की सीमा है और इसमें कोई भी बढ़ोत्तरी मौजूदा कोटे की कीमत पर होगी।

# मुंबई सेंट्रल तथा नई दिल्ली के बीच फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा और त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मुंबई सेंट्रल तथा नई दिल्ली स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, इस स्पेशल ट्रेन का विवरण इस प्रकार है:

- ट्रेन संख्या 04001/04002 मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस (05 फेरे)
- ट्रेन संख्या 04001 मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल मुंबई सेंट्रल से 10, 13 और 16 नवंबर, 2024 को 23:30 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 20:50 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04002 नई दिल्ली-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस 12 और 15 नवंबर, 2024 को नई दिल्ली से 22:40 बजे रवाना होगी और अगले दिन 21:00 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा और मथुरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3-टियर इकोनॉमी कोच होंगे। ट्रेन संख्या 04001 की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुली है।

**पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल और नई दिल्ली के बीच त्यौहार विशेष ट्रेन चलाएगा**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 04001 | मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली (सुपरफास्ट एक्सप्रेस) | 13.11.2024 व 16.11.2024 | 23:30 बजे | 20:50 बजे (अगले दिन) |
| 04002 | नई दिल्ली - मुंबई सेंट्रल (सुपरफास्ट एक्सप्रेस) | 12.11.2024 व 15.11.2024 | 22:40 बजे | 21:00 बजे (अगले दिन) |

हॉल्ट: बोरीवली, सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा और मथुरा स्टेशन दोनों दिशाओं में.
संरचना: एसी 3-टियर इकॉनमी कोच.

समय, हॉल्ट और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं.

ट्रेन सं. 04001 की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुली है। उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखें.

संपादकीय

## महाराष्ट्र भी हरियाणा की राह पर

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों में महाविकास अघाड़ी के हाथों मिली महायुति को शिकस्त के चलते यह उम्मीद लगाना बेमानी नहीं है कि कुछ ऐसे ही नतीजे विधानसभा चुनावों में भी आ सकते हैं। चूंकि लोकसभा चुनाव बीते ज्यादा वक्त नहीं बीता है, लिहाजा माना जा रहा है कि राज्य के मतदाताओं के मिजाज में बहुत बदलाव नहीं आया है। हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को लेकर कुछ ऐसी ही उम्मीद जताई जा रही थी। लेकिन नतीजे उम्मीदों के ठीक उलट रहे। हरियाणा का नतीजा गवाह है कि अतीत की बुनियाद पर लड़े जाने के बाद अगले चुनाव के नतीजे उम्मीदों के मुताबिक नहीं हो सकते। इसकी वजह नाकाम रहने वाली राजनीति की अपनी गलतियां भी हो सकती हैं और सफल होने वाली राजनीति की रणनीति भी।

महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के प्रमुख दल जिस तरह आपसी खींचतान में मसरूफ हैं, उसकी वजह से अघाड़ी खेमे में आशंका जताई जाने लगी है कि महाराष्ट्र भी कहीं हरियाणा न बन जाए ! इस सोच की वजह बन रही है महाविकास अघाड़ी की अंदरूनी खींचतान। कांग्रेस और एनसीपी के सहयोग से मुख्यमंत्री रह चुके उद्धव ठाकरे खुद को स्वाभाविक रूप से अघाड़ी का अगुआ मान रहे हैं। लेकिन अंदरखाने में अपने दल को आगे रखने की हर गोटी फिट कर रहे स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व की कोशिश खुद को आगे रखने की है। गठबंधन में अपने दल को आगे रखना गलत नहीं है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसा किस कीमत पर हो रहा है?

हकीकत तो यह है कि कांग्रेस कुछ वैसा ही कदम उठाने की सोच रही है, जैसा उसने 2005 के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद उठाया था। तब एनसीपी और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा था और नतीजों में ज्यादा सीटें एनसीपी ने जीती थीं। लेकिन कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पद पर ना सिर्फ दावा ठोक दिया था, बल्कि विलासराव देशमुख को मुख्यमंत्री भी बनवा लिया था। जबकि ज्यादा सीटें हासिल करने के बावजूद एनसीपी सहयोगी की भूमिका में रह गई थी। अव्वल तो कांग्रेस इस बार ऐसी चालें चल रही हैं, ताकि उसके सबसे ज्यादा विधायक चुनाव जीतें। अगर ऐसा होगा तो उसके लिए मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोकना और उसे हासिल करना आसान होगा। लेकिन ऐसा नहीं भी हुआ तो वह 2004 को दोहराना चाहेगी। इस पूरी प्रक्रिया में कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व की कोशिश उद्धव ठाकरे को दौड़ में पीछे छोड़ना है। कांग्रेस अपने चुनाव अभियान में शरद पवार की अगुआई वाली एनसीपी का खयाल तो रख रही है, लेकिन शिवसेना-उद्धव के साथ वैसा तालमेल नहीं दिखा पा रही है। शरद पवार कांग्रेस से निकले हुए ही नेता हैं। उनकी वैचारिक धारा कांग्रेसी सोच के ही इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों दलों की राजनीतिक सोच ही नहीं, जमीन भी एक ही है। जबकि शिवसेना-उद्धव की राजनीतिक जमीन ही नहीं, सोच भी अलग है। उद्धव के वोटरों और कांग्रेस के वोटरों का मिजाज और जमीन भी अलग-अलग है। पिछले लोकसभा चुनाव में अगर राज्य की 48 सीटों में से 13 पर कांग्रेस काबिज होने में कामयाब रही तो इसकी बड़ी वजह एनसीपी के वोटरों का सहयोग नहीं, बल्कि शिवसेना-उद्धव के वोटरों का साथ रहा। कांग्रेस के एक केंद्रीय नेता आपसी बातचीत में इस तथ्य को खुलकर स्वीकार भी करते हैं। वैसे भी समान वैचारिक राजनीतिक बुनियाद के चलते एनसीपी के प्रभाव वाले इलाकों में कांग्रेस और इसी तरह कांग्रेस के प्रभाव वाले इलाकों में एनसीपी ने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे। हकीकत यही है कि कांग्रेस और उद्धव या फिर एनसीपी और उद्धव के वोटरों के मिलन ने महाराष्ट्र की राजनीति में नई इबारत लिखी। लेकिन कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व इसे समझ नहीं रहा, बल्कि शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के धड़े को ज्यादा तवज्जो दे रहा है। इस बीच शरद पवार ने इस चुनाव के बाद राजनीति से संन्यास के संकेत दे दिए हैं। वैसे माना जा रहा है कि यह उनका जज्बाती दांव भी हो सकता है। माना जा रहा है कि संन्यास के संकेत के जरिए शरद मतदाताओं को संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके आखिरी चुनाव में उन्हें मौका दें। इसके जरिए वे एक तरफ वोटरों की हमदर्दी हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं तो दूसरी तरफ वे अजित पवार के खेमे को शिकस्त देने की कोशिश कर रहे हैं। एक बारगी मान भी लें कि पवार इस चुनाव के बाद राजनीति से संन्यास ले ही लेंगे तो यह सवाल लाजमी है कि उनके बाद एनसीपी का क्या होगा। पवार चाहेंगे कि उनके बाद उनकी बेटी सुप्रिया सुले ही पार्टी की कमान संभालें। लेकिन ऐसा होना आसान नहीं लगता। शरद के बाद पार्टी का बड़ा हिस्सा अजित पवार की ओर दौड़ लगा सकता है। जिसकी बात अजित से नहीं बनेगी, वह मजबूरीवश कांग्रेस की ओर जा सकता है। शायद एक वजह यह भी है कि महाराष्ट्र कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व उद्धव की बजाय शरद पवार की एनसीपी के साथ खुद को ज्यादा सहज महसूस कर रहा है।

# हरियाणा जैसी हिट चाहिए तो पहले हरियाणा जैसा बनना होगा

सुशील कुमार ' नवीन '
वरिष्ठ पत्रकार

लोकसभा चुनाव में बैकफुट पर रही भाजपा का हरियाणा विधानसभा चुनाव में फ्रंटफुट पर लौटना किसी बड़े आश्चर्य से कम नहीं रहा है। लोकसभा चुनाव में एमरजेंसी मोड तक जा पहुंची भाजपा को हरियाणा की जीत ने ' ग्लूकोस ' का काम किया। जो ' डायग्नोस ' और ' ट्रीटमेंट ' हरियाणा में कामयाब रहा, उसे अक्षरतः लागू कर सेंट्रल लीडरशिप महाराष्ट्र में भाजपा को फिर से सत्ता में लाना चाहती है। महाराष्ट्र और हरियाणा के हालात और राजनैतिक समीकरण में दिन-रात का अंतर है। ऐसे में हरियाणा जैसी ' क्विक रिकवरी ' चाहिए तो हरियाणा जैसा ' प्रिकॉशन' (सावधानी) भी जरूरी है। सीधी सी बात है हरियाणा जैसा रिजल्ट चाहिए तो पहले हरियाणा जैसा बनना होगा। महाराष्ट्र भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है और क्षेत्रफल के हिसाब से तीसरा। यह देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक और औद्योगिक केंद्रों में से एक है। यहां 20 नवंबर को मतदान होना है। परिणाम 23 नवंबर को आयेंगे। करीबन पौने दस करोड़ वोटर्स अपनी सरकार चुनेंगे। महाराष्ट्र में कुल 288 विधानसभा सीटें हैं। यहां ' महाविकास अघाड़ी ' और ' महायुति' के बीच सीधी टक्कर है। वर्तमान में सत्ताधारी ' महायुति ' के पास 218 सीटें हैं। इस गठबंधन में भाजपा, शिवसेना, एनसीपी (अजित पवार), बीवीए, पीजेपी, मनसे, आरएशपी, पीडब्ल्यूपीआई, जेएसएस शामिल हैं। इन सभी दलों को मिलाकर जो गठबंधन बना है उसे ही ' महायुति ' नाम दिया गया है। दूसरी तरफ ' महाविकास अघाड़ी ' के पास इस चुनाव से पहले 77 सीट हैं। वर्तमान में विपक्ष की भूमिका निभा रहे इस गठबंधन में में कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार), शिवसेना (उद्धव ठाकरे), माकपा, एसडब्ल्यूपी शामिल हैं। इस गठबंधन को महाविकास अघाड़ी का नाम दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी इस बार के विधानसभा चुनाव में यहां हरियाणा जैसे हिट फार्मूले से सत्ता वापसी चाह रही है। जो इतना सहज और सरल नहीं है। सत्ता के समीकरण को जानने से पहले हरियाणा और महाराष्ट्र की राजनैतिक स्थिति और माहौल को जानना भी जरूरी है। हरियाणा में कुल 90 सीटें है तो यहां तीन गुना से भी 18 सीटें अधिक है। ऐसे में यहां हरियाणा जितनी मेहनत से काम नहीं चलने वाला। यहां हरियाणा से तीन गुना अधिक मेहनत करनी होगी। महाराष्ट्र में अक्टूबर 2019 में हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिला था। बड़ी पार्टी होने के बावजूद भाजपा फिर भी सत्तालाभ प्राप्त नहीं कर पाई। वैचारिक मतभेद के चलते शिवसेना ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ नया गठबंधन बनाकर राज्य सरकार बनाई। इसमें उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने। तीन वर्ष बाद 2022 में हुई एक नई उठापटक में एकनाथ शिंदे ने 40 विधायकों के साथ बीजेपी के साथ सरकार बनाई। 2023 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अजीत पवार गुट भी सरकार में शामिल हो गया। पिछले पांच वर्ष में यहां तीन मुख्यमंत्री बने। दूसरी तरफ हरियाणा में भाजपा फ्री हैंड रही। 2019 में भले ही भाजपा को बहुमत से 6 सीट दूर रहने पर जेजेपी का सहारा लेना पड़ा हो। पर यहां स्थिति महाराष्ट्र की तरह नहीं रही। साढ़े 4 साल तक सरकार बिना किसी रुकावट के चलती रही। लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बदलकर एक तरफ भाजपा ने जेजेपी से किनारा किया, वहीं नायब सिंह सैनी के रूप में नया चेहरा देकर सबको चौका दिया।

बात हालिया चुनाव की हो तो यहां भी हरियाणा महाराष्ट्र से इतर है। महाराष्ट्र में भाजपा अकेली मजबूत नहीं है यहां उसे शिवसेना, एनसीपी (अजित पवार), बीवीए, पीजेपी, मनसे, आरएशपी, पीडब्ल्यूपीआई, जेएसएस के साथ मिलकर ' महायुति ' गठबंधन बनाना पड़ा है। दूसरी तरफ हरियाणा में भाजपा ने इस बार बिना किसी का साथ लिए अपने दम पर चुनाव लड़ा है। और कामयाबी भी पाई है। यहां यह भी जानना जरूरी है कि हरियाणा में भाजपा के सामने सीधी टक्कर में कांग्रेस में थी, जबकि महाराष्ट्र में भाजपा का अपने ' महायुति ' और विपक्ष के ' महाविकास अघाड़ी ' गठबंधन से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष से मुकाबला है। ऐसे में गठबंधन की शर्तों में बंधी होने के कारण भाजपा यहां 148 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है, जबकि एकछत्र राज के लिए 288 सीटों में 145 सीटों को जीतना जरूरी है। ऐसे में भाजपा यहां सबसे बड़ी पार्टी भी उभरकर कर भी आती है तो समर्थन तो लेना पड़ेगा, जबकि हरियाणा में भाजपा ने 89 सीटों पर चुनाव लड़ा और 48 सीटों पर विजय पाकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया।

जितना कहना आसान होता है, उसे यथार्थ में लाना उससे कई गुणा अधिक कठिन होता है। भाजपा को महाराष्ट्र में सत्ता चाहिए तो उसे हरियाणा के हिट फार्मूले को सिर्फ बातों में नहीं यथार्थ में भी लागू करना होगा। सबसे पहले विपक्ष को नेरेटिव बनाने से रोकना होगा। आज के चुनावों में नेरेटिव की बहुत बड़ी भूमिका रहती है। लोकसभा चुनाव में संविधान में बदलाव की कोशिश और आरक्षण के मसले पर विपक्ष भाजपा के खिलाफ नेरेटिव बनाने में काफी हद तक कामयाब रहा था।

## जीवन मंत्र

ओशो

# सच्ची दृष्टि तभी मिलेगी

तुम शांत बैठते हुए, अपना होश बनाए रखते हुए, उसे कभी भूलो मत, बस सभी कुछ इतना ही है। और देर-सबेर कुछ चीजें तुम्हारे अंदर ही खिलेंगी और तुम्हें एक दृष्टि मिलेगी। वही दृष्टि उस विधि का अर्थ होगी।

एक बूढ़ी आयरिश कैथोलिक महिला मृत्यु-शय्या पर लेटी थी। जब अंत करीब आ गया, तो उसके अंतिम संस्कार के बारे में आदेश देने के लिए फादर पैट्रिक को बुलाया गया। फादर ने वृद्धा का हाथ अपने हाथों में लेकर कहा, 'मेरी! क्या तुम जानती हो कि तुम अब कहां जा रही हो? जानती हो न?'

महिला ने कहा, 'जी धर्मपिता। जानती हूं।'

पादरी ने आगे कहा, 'तुम जीवन भर बहुत नेक रही, तुमने कोई पाप नहीं किया, प्रतिदिन प्रार्थना की और तुम एक धार्मिक महिला बनकर रही।'

मेरी ने उत्तर दिया, 'धर्मपिता, आप

ठीक कह रहे हैं; मैं हमेशा एक अच्छी कैथोलिक रही।' तब फादर पैट्रिक ने कहा, 'मेरी। तुमसे पूछने के लिए मेरे पास एक प्रश्न है। मैं जानना चाहता हूं कि तुम अपने ताबूत में सफेद लाइनिंग चाहती हो या बैंगनी?' मेरी ने पूछा, 'धर्मपिता! इनमें क्या फर्क है?'

फादर ने उत्तर दिया, 'यदि तुम वास्तव में एक नेक महिला बनकर रही हो, बहुत वासनायुक्त नहीं थी, तुमने कभी किसी से अवैध संबंध नहीं रखे, कभी चोरी नहीं की, कभी ईर्ष्यालु बनकर नहीं रही, कभी लालच नहीं किया, प्रभु के नाम का प्रयोग करते हुए कभी अभिमान या गर्व नहीं किया और एक अच्छी कैथोलिक बनकर रही, तब तुम्हारे ताबूत में सफेद लाइनिंग लगाई जाएगी। लेकिन यदि तुम वासनामय रही, तुमने अवैध संबंध स्थापित किए हैं, तुम लालची, घमंडी, ईर्ष्यालु रही, तुमने चोरी की, परमात्मा के नाम का प्रयोग गर्व से किया और एक बुरी कैथोलिक बनकर रही, तो तुम्हारे ताबूत में बैंगनी लाइनिंग होगी। अब मैं तुमसे जानना चाहता हूं कि तुम अपने ताबूत में किस रंग की लाइनिंग चाहती हो?'

बूढ़ी मेरी ने अपनी आंखें बंद कीं, एक क्षण सोचा और फिर कहा, 'फिर ठीक है धर्मपिता। मैं चाहती हूं कि लाइनिंग सफेद रंग की ही हो, पर उसमें यहां-वहां थोडे.से बैंगनी रंग की भी झलक हो।'

तुम्हारी व्याख्याएं और अर्थ तुम्हारे मन के ही प्रतिबिंब बनने जा रहे हैं। तुम जो कुछ भी कहते हो, वही टकराकर वापस मुड़ता है। इसलिए जब कोई सद्गुरु तुम्हें कोई विधि दे, तो तुम्हें उसके बारे में सोच-विचार नहीं करना है, अन्यथा तुम उससे चूक जाओगे। चिंतन मार्ग से भटका देता है। तुम्हें उस पर ध्यान करना है और ध्यान का अर्थ चिंतन नहीं है, उसका प्रामाणिक अर्थ है खुद को होशपूर्ण बनाए रखना। तुम्हें वही बनाए रखना है, जिससे तुम उसे विस्मृत न कर दो। तुम शांत बैठते हुए, अपना होश बनाए रखते हुए, उसे कभी भूलो मत, बस सभी कुछ इतना ही है। और देर-सबेर कुछ चीजें तुम्हारे अंदर ही खिलेंगी और तुम्हें एक दृष्टि मिलेगी। वही दृष्टि उस विधि का अर्थ होगी। उस अर्थ को जानने के लिए तुम्हारे अंतरवार्तालाप को मिटना होगा।

## शख्सियत

जे. बी. कृपलानी

### स्वतंत्रता संग्राम के निडर योद्धा



जे. बी. कृपलानी, जिनका पूरा नाम झवेरभाई कृपलानी था, का जन्म 11 नवंबर 1888 को गुजरात के अमरेली में हुआ था। वे एक महान स्वतंत्रता सेनानी, गांधीवादी विचारक और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रभावशाली नेता थे। कृपलानी ने अपनी शिक्षा मुंबई और पुणे से प्राप्त की और प्रारंभिक जीवन में शिक्षक के रूप में कार्य किया। महात्मा गांधी से प्रेरित होकर, उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी की और खुद को एक समर्पित गांधीवादी के रूप में स्थापित किया।

कृपलानी ने असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे गांधीजी के अनुयायी थे और उनके आदर्शों के प्रति समर्पित रहे। कृपलानी का नाम विशेष रूप से उस समय सुर्खियों में आया, जब वे 1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने। यह वही समय था जब भारत की स्वतंत्रता की तैयारियां हो रही थीं और कृपलानी ने कांग्रेस को एकजुट रखने में अहम भूमिका निभाई। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद कृपलानी ने कांग्रेस से नाता तोड़ लिया और 'किसान मजदूर प्रजा पार्टी' की स्थापना की। इसके माध्यम से वे किसानों और मजदूरों के हक की आवाज उठाने में सक्रिय रहे। 1952 में वे संसद सदस्य चुने गए और उन्होंने समाजवादी और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया। कृपलानी को उनके तर्कपूर्ण भाषणों और निडरता के लिए जाना जाता था। उनकी पत्नी सुचेता कृपलानी भी स्वतंत्रता सेनानी थीं और स्वतंत्र भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं। अपने जीवन के अंतिम वर्षों में कृपलानी ने राजनीतिक गतिविधियों से खुद को अलग कर लिया और आत्मनिरीक्षण में समय बिताया। उनका जीवन सादगी, समर्पण और सेवा का प्रतीक था। कृपलानी का निधन 19 मार्च 1982 को हुआ, लेकिन उनके योगदान और विचार आज भी भारतीय राजनीति और समाज में गूंजते हैं। उनके सिद्धांत और त्याग का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

## जीवन ऊर्जा

बारबरा बॉक्सर: जन्म 11 नवंबर 1940

जन्म

# कभी भी किसी को भी अपनी कीमत कम न करने दें

बारबरा बॉक्सर का जन्म 11 नवंबर 1940 को हुआ था और वे अमेरिकी राजनीतिज्ञ थीं। उन्होंने अमेरिकी सीनेट में लंबे समय तक सेवाएं दीं। समाज और मानवाधिकारों के लिए उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। उनके विचार और साहसिक नेतृत्व आज भी लोगों को प्रेरणा देते हैं।

आप पीछे बैठकर बदलाव होने का इंतजार नहीं कर सकते। आपको बाहर जाकर बदलाव लाना होगा। सफलता कभी-कभार किए गए कामों से नहीं मिलती। यह लगातार किए गए कामों से मिलती है। एक व्यक्ति बदलाव ला सकता है और सभी को प्रयास करना चाहिए। नेतृत्व का मतलब उपाधि या पद नहीं है - यह प्रभाव और प्रभाव के बारे में है। आपको कड़ी मेहनत करनी होगी, गलतियाँ करनी होंगी और उनसे सीखना होगा। इसी तरह आप आगे बढ़ते हैं। स्टैंड लेने से न डरें। अपनी आवाज़ को काँपने दें। जब आप किसी चीज़ के लिए जुनूनी हों, तो दूसरों की परवाह किए बिना उसके लिए आगे बढ़ें। प्रगति के लिए साहस, दृढ़ता और सही बात के लिए बोलने की इच्छा की आवश्यकता होती है। एक झटका बस मजबूत होकर वापस आने का एक अवसर है। सफलता जीत के

बारे में नहीं है; यह उस चीज़ के लिए खड़े होने के बारे में है जिस पर आप विश्वास करते हैं। हममें से हर एक के पास दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डालने की शक्ति है। यथास्थिति को चुनौती दें। डर को आपको वह करने से न रोकने दें जो आप जानते हैं कि सही है। विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए, लचीला बनें। आगे बढ़ते रहें। ताकत भीतर से आती है। खुद को मजबूत बनाने के लिए दूसरों पर निर्भर न रहें। सफलता का असली मापदंड यह है कि आप चुनौतियों को कैसे संभालते हैं और उनसे कैसे पार पाते हैं। अपनी आवाज़ को सुनाएँ। हमारी आवाज़ के ज़रिए ही बदलाव आता है। दृढ़ संकल्प और ध्यान से अविश्वसनीय चीज़ें हासिल की जा सकती हैं। खुद पर भरोसा रखें, भले ही कोई और न करे। यह विश्वास आपको आगे बढ़ाएगा। किसी को भी आपको परिभाषित न करने दें। खुद को परिभाषित करें और जो आप हैं उस पर गर्व करें। जोखिम उठाएँ, चुनौतियों को स्वीकार करें और असफलता से न डरें। असफलता विकास का एक हिस्सा है। साहस डर की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि उस पर विजय है। मज़बूती से खड़े रहें, गर्व से खड़े रहें और कभी भी किसी को भी अपनी कीमत कम न करने दें।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

# परहित सरिस धर्म नहीं भाई, पर पीड़ा सम नहीं अधमाई

एक बार भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन भ्रमण के लिए कहीं निकले थे तो उन्होंने मार्ग में एक निर्धन ब्राह्मण को भिक्षा मांगते देखा तो अर्जुन को उस पर दया आ गयी और उन्होंने उस ब्राह्मण को स्वर्ण मुद्राओ से भरी एक पोटली दे दी जिसे पाकर ब्राह्मण प्रसन्नता पूर्वक अपने सुखद भविष्य के सुन्दर स्वप्न देखता हुआ घर की ओर लौट चला किन्तु उसका दुर्भाग्य उसके साथ चल रहा था राह में एक लुटेरे ने उससे वो पोटली छीन ली ।बेचारा वह ब्राह्मण दुखी होकर फिर से भिक्षावृत्ति में लग गया।

अगले दिन फिर अर्जुन की दृष्टि जब उस ब्राह्मण पर पड़ी तो उन्होंने उससे इसका कारण पूछा ब्राह्मण ने सारा विवरण अर्जुन को बता दिया उसकी व्यथा सुनकर अर्जुन को फिर से उस पर दया आ गयी अर्जुन ने अपने मन में विचार किया और इस बार उन्होंने ब्राह्मण

को एक मूल्यवान एक माणिक दे दिया ब्राह्मण उसे लेकर घर पंहुचा। उसके घर में एक पुराना घड़ा था जो बहुत समय से प्रयोग नहीं किया गया था।

ब्राह्मण ने चोरी होने के भय से माणिक उस घड़े में छुपा दिया किन्तु उसका दुर्भाग्य दिन भर का थका मांदा होने के कारण उसे नींद आ गयी इस बीच ब्राह्मण की स्त्री नदी में जल लेने चली गयी किन्तु मार्ग में ही उसका घड़ा टूट गया उसने सोचा घर में जो पुराना घड़ा पड़ा है उसे ले आती हूँ ऐसा विचार कर वह घर लौटी और उस पुराने घड़े को ले कर चली गई और जैसे ही उसने घड़े को नदी में डुबोया वह माणिक भी जल की धारा के साथ बह गया ब्राह्मण को जब यह बात पता चली तो अपने भाग्य को कोसता हुआ वह फिर भिक्षावृत्ति में लग गया।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## सक्सेस मंत्र

# चुनौतियां

सफलता किसी अकेले की विरासत नहीं होती और न ही हमें यह किसी से प्राप्त होती है। सफलता पाने के लिए यह भी महत्त्वपूर्ण है कि आप केवल योजना ही बना कर न बैठें बल्कि उस योजना को मूर्त रूप देने की कोशिश करें।

सफलता की राह में सैकड़ों बाधाएं और चुनौतियां तो आती हैं, पर उसे धैर्य के साथ एक-एक करके पार किया जा सकता है। रुकावटें कैसे आपको कुछ नया करने के काबिल बनातीं हैं, यह आपको इस कहानी से पता चलेगा। जापानी लोग ताजा मछली खाना बहुत पसंद करते हैं। लेकिन जब जापान के आसपास के समुद्र तट पर ज्यादा मछलियां नहीं बचीं तो जापान के लोगों के लिए ताजा मछलियां लाने के लिए मछुआरों की नौकाएं समुद्र में दूर तक जाने लगीं। यही नहीं नौकाओं का साइज भी बड़ा होता जा रहा था। लेकिन दिक्तत यह थी कि मछलियां वापस लेकर आने में वक्त लगता था। समय ज्यादा लगने के कारण मछलियां पहले जितनी ताजी नहीं रहती थीं। ग्राहकों को ये बासी मछलियां पसंद नहीं आ रही थीं। इस समस्या के निदान के लिए जापानी लोगों ने एक ऐसा फ्रीजर निकाला जो कि नौकाओं में ही फिट हो जाया करता था। फिशिंग बोट में इस फ्रिजर के भीतर मछलियों को रखा जा सकता था। मछुआरे खूब खुश हुए। लेकिन कुछ समय बाद लोगों को इतने अधिक समय तक फ्रिजर में रखी हुई मछलियों का स्वाद बदला बदला सा लगता था। उन्हें यह मछलियां भाती नहीं थीं।

जापान के बुद्धिजीवियों ने इस समस्या का भी हल निकाल लिया। उन्होंने नौकाओं में ही मछली घर बनवा लिए। मछलियों को समुद्र जैसा माहौल दिया। लेकिन इस घर में मछलियां कुछ समय के लिए हिलती थी फिर बेजान हो जाया करती थीं। इसके बाद जापानी बुद्धिजीवियों ने और दिमाग लगाया। उन्होंने इस मछली घर में एक छोटी से शार्क डालना शुरू कर दिया। मछलियां अफनी रक्षा के लिए इधर उधर भागती हैं और इस तरह से वह पूरी तरह एक्टिव रहती हैं और बेजान नहीं होतीं। शार्क कुछ मछलियों को खा जरूर जाती हैं लेकिन ज्यादातर मछलियां ताजा हालत में जापान पहुंचती हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

न्यूज़ ब्रीफ

## सरकार बनी तो भ्रष्टाचारियों को भेजेंगे जेल : मोहन यादव

**सरैयाहाट।** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 के लिए प्रचार करने स्टार प्रचारक सह मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव रविवार को दुमका पहुंचे। उन्होंने पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्रनाथ सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता के लालच में झारखंड सरकार ने बांग्लादेशियों को बसाया है। भाजपा को बांग्लादेशी मतदाताओं का वोट नहीं चाहिए। अपनी संस्कृति को बचाने और देश के स्वाभिमान के लिए उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की। एमपी के सीएम डॉ मोहन यादव ने सरैयाहाट के चंपागढ़ मैदान में कहा कि एक ओर जहां केंद्र सरकार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचारियों में गठजोड़ हो रहा है। यहां के मुख्यमंत्री और मंत्री जेल जा रहे हैं। लूट अपनी चरम सीमा पर है। सीएम हेमंत सोरेन जमानत पर छुटकर आए और फिर मुख्यमंत्री बन बैठे हैं। भाजपा का एक ही नारा है हम न खाएंगे, न खाने देंगे। हमारी सरकार आयी तो एक-एक भ्रष्टाचारियों को चुन-चुन कर जेल में डाला जाएगा। हेमंत सरकार को सत्ता का लालची बताते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के पीछे कुछ और लोग हैं। सत्ता के लिए ये लोग कुछ भी कर सकते हैं।

## कोडरमा में बोले लालू : इंडिया गठबंधन मजबूत बीजेपी को उखाड़ फेंकें

**कोडरमा।** विकास-झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 में अपने प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव रविवार को कोडरमा पहुंचे। उन्होंने मरकच्चो में चुनावी सभा को संबोधित कर राजद प्रत्याशी सुभाष यादव को वोट कर विजयी बनाने की अपील की। बीजेपी पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उखाड़ फेंकिए। देशभर में इंडिया गठबंधन मजबूत है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कोडरमा में पुराने अंदाज में ही सभा को संबोधित किया।

## नागपुर में ट्रेलर से भिड़ी कार के उड़े परखच्चे, 3 गंभीर

**नागपुर।** शुक्रवार की रात नागपुर के हिंगना टी-पांइट के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे ने लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए। एक तेज रफ्तार कार ट्रेलर से जा भिड़ी। हादसा खतरनाक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। मिली जानकारी के अनुसार कार में 1 बच्चे समेत 3 लोग सवार थे। सभी सोनबानगर, वाड़ी निवासी बताए गए। हादसे में कार चालक समेत 2 को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों की हालत चिंताजनक बताई गई। वहीं, बच्चे को मामूली खरोंच लगने की जानकारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की रात करीब 9.15 बजे कार क्र. एमएच-40/एआर-5996 हिंगना टी-पाइंट से वाड़ी नाका की ओर जा रहा था। इस दौरान एक ट्रेलर क्र. एमएच-49/0544 वाड़ी नाका की ओर से हिंगना टी-पाइंट की ओर जा रहा था। ट्रेलर चालक ने मार्ग मौजूद डिवाइडर कट से राइट टर्न लिया। इससे वाड़ी नाका की ओर जाने वाला मार्ग ट्रेलर से ब्लॉक हो गया। अचानक ट्रेलर को सामने देखकर तेज गति में आ रही कार का चालक वाहन नियंत्रित नहीं कर सका। कार सीधे ट्रेलर के बीच के हिस्से में जा भिड़ी। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। प्रत्यदर्शी तुरंत जख्मियों की मदद के लिए दौड़े। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई।

# हमने झारखंड बनाया है, हम ही संवारेंगे : पीएम मोदी

## झारखंड विधानसभा चुनावः गुमला में गरजे पीएम मोदी

एजेंसी । पटना

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से तीन दिन पहले पीएम मोदी झारखंड दौरे पर आए हैं। उन्होंने गुमला में चुनावी रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने जनसभा में लोगों से बीजेपी के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठ रोकने के लिए, युवाओं के रोजगार के लिए, झारखंड की पहचान बचाने के लिए, महिला सुरक्षा के लिए प्रदेश में बीजेपी सरकार जरूरी है। बता दें, रविवार को बीजेपी मोदी ने पहले बोकारो और फिर गुलाम में चुनावी सभी की है। वहीं उनका राजधानी रांची में एक मेगा रोड शो भी है।

### आदिवासी एकता को कमजोर कर रही कांग्रेस

पीएम मोदी ने जनसभा कहा कि कांग्रेस आदिवासी एकता को कमजोर करने के एजेंडे पर काम कर रही है। वो एक एसटी समुदाय को दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रही है। जेएमएम के नेतृत्व वाला गठबंधन रेत, जंगल, पानी लूट रहा है, यहां तक कि जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए भी रिश्वत ले रहा है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस आदिवासियों को उच्च पदों पर बर्दाश्त नहीं कर सकती। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का अपमान करती है। वहीं पीएम मोदी ने कहा कि हमने झारखंड को बनाया है, अब हम ही इसे संवारेंगे।

### 'एक हैं तो सेफ हैं' बोकारो में गरजे पीएम मोदी

इससे पहले पीएम मोदी बोकारो में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर जोरदार हमला किया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस देश को छोटी-छोटी जातियों में बांटना चाहती है। वो एससी, एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग को तोड़ना चाहती है। अपने भाषण में पीएम मोदी ने झारखंड की जनता को एकजुट रहने का संदेश दिया। उन्होंने 'एक हैं तो सेफ हैं' का नारा भी बुलंद किया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद समाज के इस बिखराव का चुनावी फायदा उठाया।

### जेएमएम-कांग्रेस ने थाली से चुराया चावल : पीएम

गुमला में जेएमएम और कांग्रेस पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन दोनों पार्टियों को आपकी सुविधा से कोई लेना-देना नहीं है। वे अपनी तिजोरियां भरने में व्यस्त हैं। हमने झामुमो-कांग्रेस नेताओं के पास नकदी के पहाड़ देखे हैं। गिनती करने वाली मशीन भी थक गईं लेकिन, इनके नोट खत्म नहीं हुए। पीएम मोदी ने कहा कि 'जिन्होंने लूटा, उन्हें लौटना पड़ेगा' और उन्हें जेल में जिंदगी बितानी पड़ेगी। कांग्रेस-जेएमएम झारखंड में सब कुछ बेच रही है। उन्होंने हमारे द्वारा शुरू की गई मुफ्त चावल योजना में भी घोटाला किया है। उन्होंने आपके बच्चों की थाली से चावल चुरा लिया है।

### पीएम मोदी को बच्चों ने दिया गिफ्ट

गुमला में एक सार्वजनिक रैली में पीएम मोदी ने कहा कि कुछ बच्चे मेरे लिए संदेश लाए हैं। कुछ बेटियां उपहार लेकर आई हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि उपहरा के पीछे अपना नाम और पता लिखें। मैं आपको वापस लिखूंगा। सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने गुमला में कहा कि इस स्थान को माता अंजना और वीर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने जनसभा में कहा कि 'मैं आप सभी को देखकर धन्य हो गया हूं'।

## खालिस्तानी आतंकी अर्श डाला को कनाडा पुलिस ने किया गिरफ्तार

एजेंसी । ओटावा

कनाडा में खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला को गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थानीय पुलिस ने अर्श को पिछले महीने पड़ोसी देश में हुई गोलीबारी के सिलसिले में अरेस्ट किया है। अर्श खालिस्तानी आतंकी रहे हरदीप सिंह निज्जर का भी खास माना जाता था। निज्जर की पिछले साल कनाडा में हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद भारत और कनाडा के बीच रिश्ते खराब हो गए थे।

सूत्रों के अनुसार, अर्श डाला की कनाडा में हुई गिरफ्तारी की पुष्टि भारतीय सिक्योरिटी एजेंसी ने भी कर दी है। 27 और 28 अक्टूबर को मिल्टन शहर में हुई एक गोलीबारी को लेकर डाला पर गंभीर आरोप लगे हैं। इस मामले की जांच कनाडा की हॉल्टन रीजनल पुलिस सर्विस कर रही है, जिसके बाद अब अर्श की गिरफ्तारी हुई है।

अर्शदीप के खिलाफ भारत में भी कई मामले दर्ज हैं। वह कई आपराधिक मामलों में भारत में वॉन्टेड है। अभी कनाडा में अपनी पत्नी के साथ रह रहा है। भारत और कनाडा के बीच पिछले कुछ महीनों में रिश्ते काफी खराब हो गए हैं। 18 जून 2023 को निज्जर की ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारा की पार्किंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने संसद में भारत पर गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि, कनाडा ने कभी भी सबूत नहीं दिए और भारत ने इन आरोपों को शुरू से ही खारिज किया है।

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी की 'खाली संविधान' टिप्पणी पर किया पलटवार

### खड़गे ने कहा- साहब, इसमें सब कुछ लिखा है

एजेंसी । नागपुर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी पर 'खाली संविधान' टिप्पणी का जवाब दिया और कहा कि 'साहब', इसमें सब कुछ लिखा है। नागपुर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए, खड़गे ने कांग्रेस उम्मीदवार नितिन राउत से प्रधानमंत्री मोदी को संविधान की एक प्रति भेजने के लिए कहा। 'यह संविधान है; इसमें सब कुछ है। उन्होंने (पीएम मोदी) कहा कि इस लाल किताब के पन्ने जो राहुल गांधी पढ़ते हैं, खाली हैं। उन्होंने कहा कि यह 'कोरा कागज' है इसे पढ़ें, क्या यह खाली है? मैं नितिन राउत से अनुरोध करूंगा कि वह उन्हें इस किताब की एक प्रति भेजें।

### पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर किया हमला

पीएम मोदी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला किया और कहा कि संविधान की लाल किताब जिसका कांग्रेस दिखावा कर रही है, उसमें कुछ भी नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कांग्रेस ने फर्जीवाड़ा करके अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। संविधान की जिस लाल किताब को कांग्रेस पार्टी दिखा रही थी और बांट रही थी, उसमें कुछ भी नहीं था। यह एक खोखली किताब थी। यह कांग्रेस की बाबा साहब अंबेडकर के प्रति उपेक्षा और नफरत का सबूत है। कांग्रेस के इस मूर्खतापूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक खेल से पूरा देश सदमे में है।

### मोदी जी दो पैरों पर खड़े हैं : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि कुछ लोग अब बाबा साहब का सम्मान करने लगे हैं, जो कुछ साल पहले तक उनके बारे में कभी नहीं बोलते थे। आज मोदी जी नागपुर आते हैं और बाबा साहब की तस्वीर पर श्रद्धांजलि देते हैं। मैं भाजपा के लोगों से पूछना चाहता हूं कि पहले उनके कार्यालयों में अंबेडकर की तस्वीर क्यों नहीं थी। उन्होंने कहा, अगर नरेंद्र मोदी के पास बहुमत होता, तो कौन जानता है कि वे संविधान में कितने बदलाव करते। लेकिन उन्हें बहुमत नहीं मिला। मोदी जी दो पैरों पर खड़े हैं, और दोनों ही कृत्रिम हैं। एक पैर टीडीपी का है, और दूसरा जेडीयू का है। अगर उन दो पैरों को हटा दिया जाए, तो मोदी जी चल भी नहीं पाएंगे, उन्हें बैठना पड़ेगा।

## नवादा में पहले बोरे में बंद कर बाइक से बांधा, फिर बीच सड़क पर जिंदा जला डाला

एजेंसी । नवादा

बिहार के नवादा में एक दिल दहला देनेवाली वारदात सामने आयी है। एक शख्स को बोरे में बंद करके के बाइक से बांध कर जला दिया गया है। सड़क किनारे बाइक के साथ जली हुई लाश मिली है। बीच सड़क पर हुई इस वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मरनेवाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस छानबीन में जुट गई है। घटनास्थल के आसपास

पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। घटना नगर थाने के खरीदी बीघा इलाके की है। एफएसएल की टीम को बुला लिया गया है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज खंगाल रही है।

### काफी हद तक चल चुकी है बाइक और लाश

घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की सुबह नवादा नगर थाना क्षेत्र के सिसवां जानेवाली रोड के समीप एक कचरा कुड़ा जमा करनेवाले स्थान पर बाइक के साथ जली हुई लाश बरामद की गई। बाइक के साथ मृतक की लाश भी काफी हद तक जल चुकी है। यह भी पता नहीं चल पाया कि मृतक महिला थी या पुरुष था। पुलिस इसकी तहकीकात कर रही है। एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई है। कहा जा रहा है कि हत्या कहीं और कर के लाश को बोरे में बंद करके बाइक पर बांध कर लाया गया और नवादा से सिसवां रोड पर बाइक पर बोरे समेत जला दिया गया। मरनेवालों की पहचान और मारनेवालों का पता लगा पाना पुलिस महकमे के लिए बड़ी चुनौती है। इससे नवादा पुलिस डिपार्टमेंट में हड़कंप मचा है। सदर एसडीपीओ हुलास कुमार ने बताया कि घटना स्थल की घेराबंदी कर दी गई है। फॉरेंसिक जांच टीम ने मौके से सैंपल कलेक्शन किया है।

## दिल्ली में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका

### 5 बार के विधायक मतीन अहमद AAP में शामिल

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पांच बार के विधायक मतीन अहमद आज हाथ का साथ छोड़ आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए हैं। अरविंद केजरीवाल ने गले लगाकर पार्टी में उनका स्वागत किया। उत्तर-पूर्वी दिल्ली की सीलमपुर सीट से लगातार 5 विधायक रहे मतीन अहमद को खुद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

मतीन अहमद से पहले उनके बेटे जुबैर अहमद भी 'आप' में शामिल हो गए थे। इस दौरान दिल्ली सरकार में मंत्री इमरान हुसैन भी मौजूद थे। अरविंद केजरीवाल ने आज 'एक्स' पर एक पोस्ट कर लिखा, 'यमुनापार क्षेत्र में चौधरी मतीन अहमद जी जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करते आए हैं। चौधरी

साहब का आम आदमी पार्टी परिवार में स्वागत है।' बता दें कि, मतीन अहमद को दिल्ली में एक बड़े मुस्लिम नेता के तौर पर जाना जाता है। सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। साल 1993-2015 तक सीलमपुर से विधायक रहे मतीन अहमद दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए अगले साल फरवरी में चुनाव होने हैं। इससे पहले आम आदमी पार्टी अपना कुनबा दिन-प्रतिदिन बढ़ाती जा रही है।

### दो भाजपा नेताओं ने भी थामा था 'आप' का दामन

गौरतलब है कि बीते दिनों पूर्वी दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता बीबी त्यागी ने भी आप का दामन थाम लिया था। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 4 नवंबर को दो बार के भाजपा पार्षद, निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष और नेता सदन रह चुके बीबी त्यागी को आधिकारिक तौर पर पार्टी की सदस्यता दिलाई थी। इससे पहले 31 अक्टूबर को भी दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता और तीन बार के विधायक रहे ब्रह्म सिंह तंवर भी आप में शामिल हो गए थे।

## सेना के जवानों ने 3-4 आतंकवादियों को घेरा मुठभेड़ में 4 जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में सेना के जवानों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। जिसमें जवानों ने 3 से 4 आतंकवादियों को घेर लिया है। मुठभेड़ में सेना के 4 जवान घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में दो ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) की हत्या के बाद आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी गई है। केशवान के जंगलों में सुबह करीब 11 बजे उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सेना और पुलिस के संयुक्त तलाश दलों ने छिपे हुए आतंकवादियों की केशवान वन में घेराबंदी की। मुठभेड़ स्थल उस स्थान से कुछ किलोमीटर दूर है, जहां पर वीडीजी नजीर अहमद और कुलदीप कुमार के गोलियों से छलनी शव मिले थे। दो ग्राम रक्षा रक्षकों की हत्या के बाद कुंतवाड़ा और केशवान के जंगलों में गुरुवार शाम से आतंकवाद रोधी अभियान जारी है।

## कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमले से भड़के भारत के सिख

### दिल्ली में कनाडाई दूतावास पर जोरदार प्रदर्शन

एजेंसी । नई दिल्ली

कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हो रहे हमलों का विरोध करते हुए आज हिंदू सिख ग्लोबल फोरम के सदस्यों सड़कों पर उतर आए और दिल्ली के चाणक्यपुरी में भारत में कनाडाई उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी और प्रदर्शनकारियों को भी रोका। हिंदू और सिख समुदायों के गठबंधन का प्रतिनिधित्व करने वाले हिंदू सिख ग्लोबल फोरम ने ऐसे हमलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए मार्च का आयोजन किया था। हिंदू सिख ग्लोबल फोरम के अध्यक्ष तरविंदर सिंह मारवाह ने इस बारे में बात करते हुए हिंदू और सिख समुदायों को निशाना बनाने वाली घटनाओं के पैटर्न के बारे में अपनी चिंता जताई। मारवाह ने कहा, आतंकवाद में एक पूरी पीढ़ी नष्ट हो गई थी। वे या तो मारे गए या वे दूसरे देशों में चले गए। फिर उन्होंने हमारी युवा पीढ़ी की जिंदगी को बर्बाद करने के लिए ड्रग्स का इस्तेमाल शुरू किया। इसके बाद जबरन धर्म परिवर्तन की कोशिश भी की गई। उन्होंने कहा, इन सब के बाद मंदिरों पर हमले शुरू हो गए हैं जो बिल्कुल गलत है।

### 'सच्चा सिख कभी खालिस्तानी नहीं हो सकता'

मारवाह ने भारत के सिख समुदाय की एकजुटता पर जोर दिया और अलगाववादी विचारधारा सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा हम यहां आपको यह बताने के लिए हैं कि हम सब एक साथ हैं। एक सच्चा सिख कभी खालिस्तानी नहीं हो सकता। अगर वे एक अलग राष्ट्र चाहते हैं, तो उन्हें इसे अपने तक ही सीमित रखना चाहिए। हम चाहते हैं कि हमारे तिरंगे और हमारे देश का हर समय सम्मान किया जाए। भारत के सिख भारत के साथ खड़े हैं और खालिस्तान का समर्थन नहीं करते हैं।र उधर पुलिस ने बताया कि उन्होंने कानून-व्यवस्था में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए उच्चायोग के बाहर अवरोध लगा दिए हैं लेकिन कुछ प्रदर्शनकारियों को अवरोधक लांघने की कोशिश करते देखा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमने विरोध मार्च के आह्वान के बाद कनाडा के उच्चायोग के बाहर अतिरिक्त बल तैनात किया है और अवरोधक लगाए हैं।

# बुलडोजर एक्शन पर डीवाई चंद्रचूड़ ने सुनाया फैसला

## 'पत्नी, पति की संपत्ति नहीं' के फैसले में भी थे शामिल

एजेंसी । नई दिल्ली

जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल में कई अहम फैसले सुनाए हैं, यही वजह है कि आमलोग उनके रिटायरमेंट प्लान के बारे में जानना चाहते हैं। क्या वे सार्वजिनक जीवन में रहें हैं या फिर वे निहायत ही निजी जीवन जीएंगे? डीवाई चंद्रचूड़ ने बताया है कि एक चीफ जस्टिस को जनता हमेशा उसी रूप में देखती है, इसलिए उसे रिटायमेंट के बाद भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के इतिहास में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ 14वें ऐसे चीफ जस्टिस हैं जिन्होंने दो साल से अधिक का कार्यकाल पूरा किया। भारत के पहले मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मंडकोलाथुर पतंजलि शास्त्री पहले ऐसे जस्टिस थे, जिन्होंने दो साल 139 दिन का कार्यकाल पूरा किया था। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ 2016 सुप्रीम कोर्ट के जज बने थे और और 9 नवंबर 2022 में वे मुख्य न्यायाधीश बने थे।

### चीफ जस्टिस रिटायरमेंट के बाद क्या नहीं कर सकते?

संविधान के आर्टिकल 124 में सुप्रीम कोर्ट की आवश्यता और गठन पर फोकस किया गया है। इस आर्टिकल की धारा 124(7) में यह बताया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस और अन्य जस्टिस कार्यकाल समाप्त होने यानी रिटायर होने के बाद भारत के किसी भी कोर्ट में वकालत नहीं कर पाएंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य जजों की प्रतिष्ठा को बरकरार रखना है। हालांकि जज सार्वजनिक सेवा कर सकते हैं और कई जज राज्यपाल या सरकारी समितियों के सदस्य के रूप में काम करते हैं।

### जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के बड़े फैसले

जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल पर नजर डालेंगे तो उन्होंने कई अहम फैसले चीफ जस्टिस के पद पर रहते हुए सुनाए, जिनका व्यापक प्रभाव पड़ा। अपने फेयरवेल पर उन्होंने भाषण दिया और यह भी कहा कि जो लोग उन्हें ट्रोल करते थे वो अब बेरोजगार हो जाएंगे।

**1. आर्टिकल 370 को निरस्त करने के फैसले को बरकरार रखा :** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया कि सरकार द्वारा आर्टिकल 370 को निरस्त करना सही था, क्योंकि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने का प्रावधान संविधान में एक अस्थायी व्यवस्था थी।

**2. चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक बताने का फैसला :** जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने पांच सदस्यीय बेंच की अध्यक्षता करते हुए चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक बताया और यह कहा इस योजना को लागू करने के लिए संविधान में जो संशोधन किए गए हैं वो असंवैधानिक हैं, इसलिए बैंक तत्काल इस बांड को बेचना बंद करें। चुनावी बांड को बैंक से खरीदा जा सकता था, जिसके जरिए राजनीतिक दलों को फंडिंग की जाती थी।

**3. बुलडोजर मामला :** सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन के खिलाफ अपना निर्णय सुनाया और कहा कि कोई व्यक्ति अगर दोषी है, तो बुलडोजर एक्शन उचित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बुलडोजर एक्शन कानून के शासन में उचित नहीं है। सीजेआई के रूप में जस्टिस चंद्रचूड़ ने इसी मसले पर अपना अंतिम फैसला सुनाया और बुलडोजर एक्शन को मौलिक अधिकारों के खिलाफ बताया। इसके अलावा में कई अन्य महत्वपूर्ण मामलों के निर्णय में भी जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ शामिल रहे, हालांकि वे उस वक्त चीफ जस्टिस नहीं थे। जैसे निजता का अधिकार, समलैंगिकता को अपराधमुक्त करना, व्यभिचार को अपराध से मुक्त करना, अयोध्या विवाद और सबरीमाला विवाद जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे।

## शादी कार्ड पर छपवाया 'बंटोगे तो कटोगे का नारा'

### पीएम मोदी की तस्वीर को भी जगह

एजेंसी । पटना

'बंटोगे तो कटोगे' का नारा इन दिनों सुर्खियों में है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दिया यह नारा अब गुजरात में एक शादी के कार्ड पर छप चुका है। गुजरात के भावनगर में एक भाजपा कार्यकर्ता ने अपने भाई की शादी के कार्ड पर यह नारा छपवाया है। इसके अलावा कार्ड पर पीएम मोदी की फोटो के साथ सफाई का संदेश देने वाला नारा भी इस पर है। भाजपा कार्यकर्ता के घर 23 नवंबर को शादी होने वाली है। इस अनोखे कार्ड के चलते यह शादी काफी ज्यादा चर्चा में आ गई है।

गौरतलब है कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा चुनाव में हिंदुओं को एकजुट करने के लिए 'बंटोगे तो कटोगे' का नारा दिया था। अब महाराष्ट्र और झारखंड में भी यह नारा काफी ज्यादा पॉपुलर हो रहा है। शादी कार्ड पर नारा छपवाने वाले

कार्यकर्ता ने इसको लेकर अपनी बात भी रखी है। मीडिया के मुताबिक उसने कहा कि लोगों को अवेयर करने और पीएम मोदी का सफाई का संदेश पहुंचाने के लिए उसने शादी के कार्ड पर यह संदेश छपवाया है।

उल्लेखनीय है कि अपनी रैलियों में भाजपा के वरिष्ठ नेता आदित्यनाथ 'बटेंगे तो कटेंगे का नारा बुलंद कर रहे हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान की शुरुआत 'एक हैं, तो सेफ हैं' के एकता संदेश के साथ की है।

## खबर संक्षेप

### भाई की शादी का कार्ड बांटने जा रहे युवकों को कार ने मारी टक्कर

**छपरा:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उमधा फोरलेन के समीप कार व बाइक की टक्कर में एक बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद उन्हें छपरा सदर अस्पताल से बेहतर चिकित्सा के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। घायल दोनों युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिनटोलिया गांव निवासी रावण महतो का पुत्र सनिश कुमार व शौरू महतो का पुत्र बलराम कुमार बताये गये है। परिजनों ने बताया कि 24 नवंबर को घर में शादी है। दोनों युवक शादी का कार्ड बांटने के लिए सिवान अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे, तभी उमधा के समीप पहले से खड़ी मारुति कार वाले ने अचानक गाड़ी को मोड़ दिया, जिसके बाद दोनों वाहनों में टक्कर हो गयी।

### रांची में पीएम मोदी का मेगा रोड शो, उमड़ा जनसैलाब

**बोकारो:** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी ने रविवार को प्रदेश का दौरा किया। पीएम मोदी ने पहले बोकारो फिर गुमला में एक-एक जनसभा की। इस दौरान उन्होंने लोगों से बीजेपी के पक्ष में वोट की अपील की। पीएम मोदी ने रविवार शाम को राजधानी रांची में एक मेगा रोड शो भी किया। पीएम मोदी के रोड शो बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। लोगों ने सड़क के दोनों ओर खड़े होकर पीएम मोदी का स्वागत किया। जवाब में पीएम मोदी ने भी हाथ हिलाकर सबका अभिवादन किया। पीएम मोदी के रोड शो को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। 17 IPS समेत 4 हजार जवानों की तैनाती की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में भारी भीड़ जुटी। लोग पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। पीएम मोदी खुले वाहन में सवार होकर मेगा रोड शो के लिए निकले।

### करेह नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत

**समस्तीपुर:** समस्तीपुर जिले के सोहमा गांव में मंगलवार को एक दुखद घटना घटी जहां करेह नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई। मृतक किशोरों की पहचान सोहमा गांव के सुनील ठाकुर के बेटे कुमार गौरव (12) और रंजीत ठाकुर के बेटे अमर कुमार (13) के रूप में हुई है। ग्रामीण गोताखोरों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद शवों को नदी से बाहर निकाला गया। बिथान थानाध्यक्ष राजू कुमार मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों किशोर दोपहर में अपने छह साथियों के साथ सरस्वती मंदिर घाट पर नहाने गए थे। नहाते समय वे गहरे पानी में चले गए और अचानक नदी के तीव्र वेग में बहने लगे। इस दौरान चार किशोर किसी तरह तैरकर बाहर निकलने में सफल हुए और उन्होंने परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# उपचुनाव को लेकर भाजपा-सपा में और तेज हुआ पोस्टर वार

**एजेंसी । लखनऊ**

उपचुनाव को लेकर बंटेंगे तो कटेंगे नारे के बाद सोशल मीडिया पर छिड़े पोस्टर वार में भाजपा ने सपा पर सियासी हमले और तेज कर दिए हैं। भाजपा ने वर्ष 2018 में आई अमिताभ बच्चन व आमिर खान की फिल्म ठग्स ऑफ हिंदोस्तान के पोस्टर की तर्ज पर ठग लाइफ शीर्षक से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्टर जारी किया है। इस पर लिखा है, 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी प्रेजेंट्स जीतेंगे तो लूटेंगे'। वहीं, पलटवार में सपा भी पीछे नहीं है। सपा ने एक्स पर पोस्टर जारी कर जवाबी हमला किया है कि हत्या, लूट, दुष्कर्म जारी, सत्ता में बैठे हैं अत्याचारी। उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर लेकर सत्ताधारी भाजपा और मुख्य विपक्षी दल सपा में जुबानी जंग के साथ ही सोशल मीडिया पर पोस्टर के जरिये एक-दूसरे की बखिया उधेड़ने की प्रतिस्पर्धा तीखी होती जा रही है।

### आज का औरंगजेब

भाजपा ने एक्स पर 'आज का औरंगजेब' शीर्षक नाम से जारी एक पोस्टर में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर सीधा हमला किया है। पोस्टर में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को घर में बंधक बनाने व चाचा भतीजा में बंदरबांट को लेकर सपा अध्यक्ष को घेरा है। एक अन्य पोस्ट में भाजपा ने लिखा है याद है सपा का कुशासन, जब अपराधियों के हाथ में था शासन'। सपा पर हमलावर एक और पोस्ट में लिखा गया है, चुनावी बहुरूपियों से रहना सावधान, छलावा करते हैं चुनाव के दौरान, चुनाव के बाद बन जाते हैं हैवान। एक्स पर जीतेंगे तो लूटेंगे शीर्षक से भाजपा ने एक अन्य पोस्ट में लिखा है कि सैफई परिवार को जनता रही पहचान, जनता को फिर से लूटने का पाल रहे हैं प्लान। एक और पोस्ट में लिखा गया है कि समाजवादी दुष्कर्मियों का ठिकाना, बहन-बेटियों को है लाल टोपी वालों से बचाना।

### सपा ने भी भाजपा को घेरा

सपा ने भी विभिन्न मुद्दों को लेकर पलटवार कर एक्स पर भाजपा को घेरा है। सपा यूपी का अपराधनामा धारावाहिक शीर्षक से रोजाना प्रदेश में हो रहे अपराधों को लेकर भाजपा सरकार को घेर रही है। इसी कड़ी में सपा ने सरकार के करीबी एक अधिकारी को निशाने पर लेते हुए सारनाथ में जुआ की राशि लेकर चंपत होने की एक घटना का जिक्र कर लिखा है वर्दी वाला लुटेरा। सपा अध्यक्ष ने एक पोस्ट में प्रदेश में खाद के संकट को लेकर भी भाजपा को घेरते हुए लिखा है कि बिक रही है खाद ऊंचे दाम में, भ्रष्ट भाजपाइयों के गोदाम में। वहीं अब तक डरे हुए थे, अब हिले हुए हैं और कई अन्य पोस्ट के जरिये भी सपा लगातार भाजपा पर हमले कर रही है।

# देव दीपावली पर गाय के गोबर से बने दीयों से दमकेंगे काशी के घाट

**एजेंसी । वाराणसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की है। इन प्रयासों से न केवल महिलाओं का आर्थिक

सशक्तिकरण हो रहा है, बल्कि उनके आत्मसम्मान में भी वृद्धि हो रही है। खासकर वाराणसी जिले में देव दीपावली के मौके पर गाय के गोबर से बने दीपों का निर्माण कर रही महिलाओं की सफलता इस बात की गवाह है कि कैसे योगी सरकार ने उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत किया है।

### गाय के गोबर से बने दीपों के निर्माण में जुटी हैं महिलाएं

देव दीपावली के मौके पर, वाराणसी के घाटों पर लाखों दीप जलाने की तैयारी हो रही है। खास बात यह है कि इन दीपों का निर्माण गाय के गोबर से किया जा रहा है और यह कार्य स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं। 7 स्वयं सहायता समूहों की 25 परिवारों की महिलाएं इस कार्य में जुटी हुई हैं और उनका लक्ष्य 30,000 गोबर से बने दीप तैयार करना है। पहले जहां देव दीपावली पर महिलाएं मुश्किल से 400-500 रुपये कमाती थीं, अब उन्हें इस कार्य के लिए लगभग 4,000 से 5,000 रुपये की आय हो रही है।

### स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं की कमाई में वृद्धि

स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं अब घर-घर जाकर दीपों की बिक्री नहीं करतीं, बल्कि उन्हें पहले से ही बड़े पैमाने पर आर्डर मिलने लगे हैं। ग्राम अहरक की राधिका ने बताया कि पहले उन्हें दीपों को बेचने के लिए घर-घर जाना पड़ता था, लेकिन अब योगी सरकार के प्रयासों से उन्हें पहले से ही आर्डर मिल जाते हैं, जिससे उनकी आय में जबरदस्त वृद्धि हुई है। महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनी हैं और अपने पैरों पर खड़ी हैं, जिसका सीधा लाभ उनके परिवारों को मिल रहा है। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को रोजगार और सशक्तिकरण के नए अवसर प्रदान किए हैं। इस मिशन से जुड़ी महिलाएं गाय के गोबर से बने दीपों का निर्माण कर रही हैं, और इन दीपों की बिक्री से उनकी आय में वृद्धि हो रही है। इसके अलावा, सरकार ने महिलाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए गाय के गोबर का उपयोग करके उन्हें एक स्वच्छ और पर्यावरण फ्रेंडली रोजगार का अवसर दिया है। 15 नवंबर को काशी में मनाई जाने वाली देव दीपावली में 12 लाख दीपों से घाट रोशन होंगे, जिसमें गाय के गोबर से बने दीप भी शामिल होंगे।

# झारखंड चुनाव से पहले कार से तीन लाख की अफीम जब्त तस्कर को जेल

**एजेंसी । झारखंड**

ओरमांझी (रांची)-रांची-रामगढ़ उच्च पथ चाय बागान पालू के समीप से ओरमांझी पुलिस ने काले रंग की कार (JH01AH 9099) से करीब तीन किलो अफीम, तीन मोबाइल, एक पर्स समेत पीतल का छोटा तराजू और कैश 12470 रुपए बरामद किए। कार के चालक सुधीर प्रजापति (52 वर्ष) को जेल भेज दिया गया है। वह रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र के दुलमी बाजार टांड़ का रहनेवाला है। पुलिस के अनुसार जब्त अफीम की कीमत तीन लाख रुपए बतायी जा रही है। रांची की ओरमांझी

पुलिस ने एक कार से करीब तीन किलो अफीम बरामद की है। अफीम तस्कर सह कार के ड्राइवर सुधीर प्रजापति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जब्त अफीम की कीमत तीन लाख रुपए बतायी जा रही है।

### पुलिस ने गुप्त सूचना पर ऐसे की कार्रवाई

ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ से रांची की ओर एक कार में अफीम जा रही है। इसी आधार पर एक टीम गठित की गयी। त्वरित कार्रवाई करते हुए एफएसटी में प्रतिनियुक्त ओरमांझी बीडीओ कामेश्वर बेदिया एवं पुनि सह थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी द्वारा ओरमांझी थाना क्षेत्र के चाय बागान पालू के समीप कार को धर दबोचा गया। कार में ड्राइवर सुधीर प्रजापति मौजूद था। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

### पहले भी जेल जा चुका है तस्कर सुधीर प्रजापति

छापामारी दल में बीडीओ कामेश्वर बेदिया, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी, सअनि रामकुमार टुडू सहित पुलिस के जवान मौजूद थे। पुलिस द्वारा बरामद अफीम का बाजार मूल्य करीब तीन लाख रुपए बताया गया है। ओरमांझी पुलिस के अनुसार सुधीर प्रजापति पहले भी एनडीपीएस के केस में जेल जा चुका है।

# गो हत्यारों से पुलिस की मुठभेड़ चार गिरफ्तार

### पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल

**एजेंसी । मुजफ्फरनगर**

आवारा गोवंश को गोकशी के लिए ले जा रहे गो हत्यारों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने घेराबंदी कर चार गो हत्यारों को पकड़ लिया, जबकि मुख्य आरोपी समेत दो गो हत्यारे फरार हो गए। मुठभेड़ में एक गो हत्यारा पैर में गोली लगने से घायल हो गया। आरोपियों से पुलिस ने तीन जिंदा गोवंश, बाइक व एक मैक्स गाड़ी बरामद की है।

### यह है पूरा मामला

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया, एसएसपी अभिषेक सिंह के आदेश पर पशु तस्करों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया, रविवार तड़के नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल को सूचना मिली थी कि गो तस्कर कूकडी रोड से आवारा गोवंशों को मैक्स अशोक लीलैंड गाड़ी में भर कर गोकशी के लिए ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर नई मंडी थाना प्रभारी ने तत्काल एसआई राहुल कुमार, अनिल कुमार तोमर, मोहित सिंह, राजकुमार बालियान, हेड कांस्टेबल संजीव कुमार, जयवीर सिंह, सोनवीर, योगेश कुमार, तेजवीर सिंह, कांस्टेबल प्रवीन तेवतिया, यशपाल सिह, महिपाल सिंह, सचिन, धीरेंद्र व विकास कुमार को साथ लेकर गो हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए कूकडी रोड पर घेराबंदी कर दी।

# आज थम जाएगा पहले चरण के चुनाव प्रचार का शोर

**एजेंसी । रांची**

झारखंड के सीईओ (मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी) के रवि कुमार ने कहा है कि पहले चरण के चुनाव प्रचार का शोर सोमवार (11 नवंबर) की शाम को थम जाएगा। 13 नवंबर को पहले चरण की वोटिंग 43 विधानसभा सीटों पर है। जिन विधानसभा क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक मतदान होना है, वहां शाम पांच बजे और जहां शाम चार बजे तक मतदान का समय

है, वहां चुनाव प्रचार का कार्य 48 घंटे पहले सोमवार को चार बजे बंद हो जाएगा। वे रविवार को धुर्वा के निर्वाचन सदन में प्रेस वार्ता कर रहे थे।

### चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई

सीईओ के रवि कुमार ने कहा कि पहले चरण के चुनाव प्रचार की समाप्ति के साथ चुनाव कार्य के लिए वहां गए (जो वहां के वोटर नहीं हैं) राजनीतिक लोगों को वहां से चले जाना होगा। कैंपेन की अवधि समाप्ति के बाद पकड़े जाने पर ऐसे लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी। सोमवार को पांच जिले पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और गढ़वा में हेलीड्रॉपिंग के माध्यम से 225 बूथों पर चुनाव कर्मियों को भेजा जाएगा। सीईओ ने कहा कि मतदान के दिन प्रत्याशियों द्वारा मतदान केंद्रों पर अपना कैंप लगाया जाता है, जिसकी पूर्वानुमति सक्षम पदाधिकारी से लेना अनिवार्य होता है। कैंप मतदान केंद्र की 200 मीटर की परिधि के बाहर होना चाहिए। धार्मिक स्थल या अतिक्रमित स्थान पर कैंप नहीं लगाया जा सकता। उस कैंप में प्रत्याशी से जुड़ा झंडा-बैनर, सिंबल, फोटो आदि लगाने पर भी पाबंदी रहेगी। प्रत्याशी कैंप में सिर्फ एक टेबुल और दो कुर्सी रख सकते हैं। वहां खान-पान भी प्रतिबंधित होगा। मतदान के बाद कैंप में वापस आने पर भी रोक होती है। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से अपील करते हुए कहा कि वे निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के अभी तक 53 केस दर्ज हुए हैं।

## व्यापार जगत

# आज विस्तारा की फ्लाइट आखिरी उड़ान भरेगी

- 12 नवंबर से एअर इंडिया करेगी संचालन
- फुल-सर्विस और लो-कॉस्ट वाली अकेली एयरलाइन होगी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत की तीसरी बड़ी एयरलाइन विस्तारा कल यानी 11 नवंबर को अपने आखिरी फ्लाइट का संचालन करेगी। 12 नवंबर से विस्तारा के सभी फ्लाइट्स का ऑपरेशन एअर इंडिया करेगी। इसके लिए टिकट की बुकिंग भी एअर इंडिया के वेबसाइट से होगी। एअर इंडिया और विस्तारा की मर्जर डील नवंबर 2022 में साइन हुई थी। भारतीय रेगुलेटर कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया (CCI) की ओर से इसे सितंबर 2023 में मंजूरी मिली थी। इस मर्जर के बाद मार्केट शेयर के लिहाज से एअर इंडिया ग्रुप इंडिगो के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी डोमेस्टिक एयरलाइन और सबसे बड़ी इंटरनेशनल एयरलाइन बन गई है।

### फुल-सर्विस और लो-कॉस्ट वाली पहली एयरलाइन

मर्जर के बाद, एअर इंडिया फुल-सर्विस और लो-कॉस्ट वाली पैसेंजर सर्विस दोनों को ऑपरेट करने वाला एकमात्र भारतीय एयरलाइन ग्रुप होगा। एअर इंडिया (एअर इंडिया एक्सप्रेस और एयर एशिया इंडिया सहित) और विस्तारा के पास टोटल 218 वाइडबॉडी और नैरोबॉडी एयरक्राफ्ट्स हैं, जो 38 इंटरनेशनल और 52 डोमेस्टिक डेस्टिनेशन के लिए सर्विस देते हैं। विस्तारा की शुरुआत 2013 में हुई थी। यह ईस्ट-सेंट्रल एशिया और यूरोप में इंटरनेशनल ऑपरेशन्स के साथ भारत का लीडिंग फुल सर्विस कैरियर है।

# रिलायंस का मार्केट कैप ₹74,563 करोड़ गिरा

- टॉप-10 में से 6 की कंबाइंड वैल्यू ₹1,56 लाख करोड़ कम हुई
- पिछले हफ्ते 237.8 अंक गिरा बाजार

**एजेंसी । मुंबई**

मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप पिछले हफ्ते 74,563 करोड़ रुपए कम हुआ है। एक हफ्ते पहले कंपनी की वैल्युएशन 18.12 लाख करोड़ रुपए थी, जो घटकर 17.37 लाख करोड़ रुपए रह गई है। रिलायंस के अलावा, टेलिकॉम कंपनी एयरटेल की वैल्युएशन 26,275 करोड़ कम होकर 8.94 लाख करोड़ रुपए, ICICI बैंक की 22,255 करोड़ कम होकर 8.88 लाख करोड़ रुपए, ITC की 15,449 करोड़ कम होकर 5.98 लाख करोड़, LIC की 9,930 करोड़ कम होकर 5.79 लाख करोड़ और हिंदुस्तान यूनिलीवर की वैल्युएशन 7,248 करोड़ रुपए कम होकर 5.89 लाख करोड़ रुपए रह गई है। इधर, शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेड का मार्केट कैप 57,745 करोड़ रुपए बढ़कर 14,99,697 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, इंफोसिस का मार्केट कैप 28,839 करोड़, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का 19,813 करोड़ और HDFC बैंक का मार्केट कैप 14,678 करोड़ रुपए बढ़ा है।

# महंगाई के आंकड़ों पर बाजार की नजर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह महंगाई के आंकड़ों, सितंबर तिमाही के नतीजों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख से तय होगी। वहीं, गुरु नानक जयंती के अवसर पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, देश में 12 नवंबर को खुदरा महंगाई और आईआईपी आंकड़े जारी होंगे, जबकि थोक महंगाई के आंकड़े 14 नवंबर को आ सकते हैं। वैश्विक स्तर पर, 13 नवंबर को अमेरिका में मुद्रास्फीति की रिपोर्ट आएगी, जो फेडरल रिजर्व के आगामी नीति रुख को प्रभावित कर सकती है। प्रमुख वैश्विक घटनाओं और दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद बाजार का ध्यान प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर होगा। वहीं, भारतीय बाजार में कमजोरी की मुख्य वजह एफआईआई की लगातार बिकवाली है, जो इस महीने भी जारी है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले पांच कारोबारी सत्रों में लगभग 20,000 करोड़ रुपये निकाले। घरेलू शेयरों के अधिक मूल्यांकन और चीन में अपना आवंटन स्थानांतरित करने के कारण एफपीआई ने बिकवाली की।

### बिटकॉइन 80 हजार डॉलर के करीब पहुंचा

अमेरिका में डोनॉल्ड ट्रंप की जीत के बाद क्रिप्टोकरेंसी और इससे जुड़ी संपत्तियों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। बिटकॉइन 80,000 डॉलर का करीब पहुंच चुका है। रविवार को बिटकॉइन में 4.3% की बढ़त के साथ 79,771 डॉलर पर पहुंच गया। बिटकॉइन ही नहीं बल्कि कारडानो और डोजकॉइन जैस छोटे टोकनों की कीमतों में भी उछाल देखने को मिला। गौरतलब है कि डोनॉल्ड ट्रंप ने अपने चुनावी भाषण में कहा था कि वो उनकी सरकार अमेरिका को क्रिप्टोकरंसी का नया केंद्र बनाएगा। इसमें इन्हें नियमित करना भी शामिल है।

# नई प्रणाली से रोजाना 1.35 फर्जी कॉल पर रोक : सिंधिया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने धोखाधड़ी वाली कॉल रोकने के लिए तकनीकी प्रणाली तैनात की है, जो रोजाना ऐसी 1.35 करोड़ कॉल को रोक रही है। साइबर अपराध की रोकथाम में यह काफी कारगर है, जो शुरुआती चरण में ही अंकुश लगाती है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसने अब तक लोगों की 2,500 करोड़ रुपये की संपत्ति बचाने में मदद की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं के फोन पर आने वाली मार्केटिंग कॉल और धोखाधड़ी वाली कॉल से निपटने के लिए हमने एक पूर्ण प्रणाली लागू की है। ज्यादातर फर्जी कॉल देश के बाहर के सर्वर से आती हैं और नई प्रणाली ऐसी ज्यादातर धोखाधड़ी वाली कॉल को रोकने में सक्षम हैं। दूरसंचार विभाग के धोखाधड़ी का पता लगाने वाले नेटवर्क ने आज संचार साथी और चक्षु पोर्टल की मदद से लोगों की लगभग 2,500 करोड़ रुपये की संपत्ति बचाई है।

### तीन लाख नंबरों को बंद किया

सिंधिया ने कहा कि नई प्रणालियों के कारण करीब 2.9 लाख फोन नंबर बंद हो गए हैं और करीब 18 लाख हेडर ब्लॉक हो गए हैं, जिनका इस्तेमाल संदेश भेजने के लिए किया जाता था। इसके अलावा ऐसे धोखेबाज, जो भारत के बाहर के सर्वर का इस्तेमाल करते थे, लेकिन खुद को 91 नंबर (भारतीय नंबर) के रूप में पेश करते थे, उनकी पहचान भी की जा रही है। हमने ऐसे सॉफ्टवेयर लगाए हैं, जो इन कॉल को रोकते हैं और वह औसतन प्रतिदिन 1.35 करोड़ ऐसे कॉल को ब्लॉक कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि नई प्रणाली से कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ ही बैंकों को भी जोड़ा जा रहा है। अब तक 520 एजेंसियों को इसमें शामिल किया गया है। इसके साथ ही दिसंबर तक दूरसंचार अधिनियम 2023 के तहत बचे हुए सभी नियमों को अधिसूचित करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। गौरतलब है कि केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछले महीने नई 'अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ कॉल निवारक प्रणाली' की शुरुआत की थी। दूरसंचार विभाग द्वारा टीएसपी के साथ स्थापित यह उन्नत प्रणाली आने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक कर देती है। शुरुआत के पहले ही दिन इसने एक करोड़ से अधिक धोखाधड़ी वाली फर्जी कॉल्स को रोका था।

# साउथ अफ्रीका ने भारत को 3 विकेट से हराया, सीरीज में की 1-1 की बराबरी

## चक्रवर्ती ने 17 रन देकर झटके 5 विकेट

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत-साउथ अफ्रीका के बीच 4 मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच गकेबेहरा के सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जा रहा है। इस मैच में साउथ अफ्रीका कप्तान एडन मार्करम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर 6 विकेट पर 124 रन बनाए और जीत के लिए मेजबान साउथ अफ्रीका को 125 रन का टारगेट दिया। जीत के लिए मिले टारगेट को साउथ अफ्रीका ने 19 ओवर में 7 विकेट पर 128 रन बनाकर हासिल कर लिया और मैच में 3 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सीरीज अब 1-1 से बराबर हो गया। रयान रिकेलटन ने 13 रन की पारी खेली और अर्शदीप सिंह की गेंद पर रिंकू सिंह ने उनका कैच पकड़ा। वरुण चक्रवर्ती ने कप्तान एडन मार्करम को

3 रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। रीजा हैंड्रिक्स को भी वरुण ने 24 रन पर बोल्ड आउट कर दिया। वरुण ने यानसेन को 7 रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। भारत को पांचवीं सफलता भी वरुण ने दिलाई और उन्होंने क्लासेन को 2 रन पर रिंकू सिंह के हाथों कैच आउट करवा दिया। वरुण ने डेविड मिलर को डक पर क्लीन बोल्ड कर दिया। वरुण ने इस मैच में 4 ओवर में 17 रन देकर 5 विकेट लिए। वरुण ने अपनी गेंदबाजी के मैच पटल दिया था, लेकिन स्टब्स ने आखिरी वक्त पर नाबाद 47 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

### संजू सैमसन डक पर आउट

भारत की शुरुआत इस मैच में काफी खराब रही और पिछले मैच के शतकवीर संजू सैमसन डक पर आउट हो कर पवेलियन लौट गए। अभिषेक शर्मा का खराब फॉर्म इस मैच में भी जारी रहा और वो 4 रन बनाकर कैच आउट हो गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव का भी बल्ला नहीं चला और वो 9 गेंदों पर 4 रन बनाकर LBW आउट हुए। तिलक वर्मा ने 20 गेंदों पर 20 रन की पारी खेली और मार्करम का शिकार बने। अक्षर पटेल ने 27 रन बनाए और रन आउट हो गए। रिंकू सिंह ने 11 गेंदों पर 9 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से हार्दिक पांड्या ने सर्वाधिक नाबाद 39 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका की तरफ से मार्को यानसेन, गोराल्ड कोएत्जी, एडन मार्करम, एंडिले सिमेलाने और नकबायोमजी पीटर ने एक-एक विकेट लिए। दूसरे मैच के लिए भारत ने अपनी प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया जबकि साउथ अफ्रीका की टीम में एक बदलाव किया गया। रीजा हेंड्रिक्स को प्लेइंग इलेवन में जगह दी गई।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम का किया एलान

एजेंसी । मेलबर्न

भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार देर रात 13 मेंबर्स की टीम जारी की। 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने जा रहे इस मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में नाथन मैकस्वीनी, जोश इंग्लिश और स्कॉट बोलैंड को चुना गया है। मैकस्वीनी उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत कर सकते हैं, जबकि बोलैंड को बैकअप तेज गेंदबाज के तौर पर शामिल किया गया है। जोश इंग्लिश का नाम थोड़ा हैरान करने वाला है। हाल ही में सिलेक्टर्स ने उन्हें वनडे और टी-20 का कप्तान बनाया था। पहले टेस्ट मुकाबले में कप्तान पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालेंगे।

> नाथन ने वे गुण प्रदर्शित किए हैं, जो उन्हें टेस्ट के लिए तैयार करेंगे। घरेलू क्रिकेट में उनके हालिया रिकॉर्ड भी शानदार हैं। साउथ ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलिया ए के लिए प्रदर्शन भी उनके पक्ष में है। इसी तरह जोश इंग्लिस शेफील्ड शील्ड प्रतियोगिता में शानदार फॉर्म में हैं। वे टेस्ट टीम में जगह पाने के हकदार हैं। वहीं, स्कॉक को जब टेस्ट टीम में मौका मिलाता है। तो वे टॉप क्लास प्रदर्शन करता है। वह टीम का अहम सदस्य बन चुका है।
>
> – जॉर्ज बेली

### 22 नवंबर से पर्थ में पहला मैच

टीम इंडिया 3 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है। 22 नवंबर से पर्थ में पहला मैच और 6 दिसंबर से एडिलेड में दूसरा मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014 के बाद से कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। टीम ने इस दौरान विराट कोहली की कप्तानी में 2 सीरीज जीतीं।

# हारिस राउफ ने ग्लेन मैक्सवेल को सीरीज में तीन बार किया आउट

## मैक्सवेल ने तीन मुकाबलों में सिर्फ 16 रन ही बनाए

एजेंसी । नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में सुपर फ्लॉप रहे। उन्होंने तीन मुकाबलों में सिर्फ 16 रन ही बनाए। इस सीरीज के दौरान वह एक ही गेंदबाज के हाथों तीन बार आउट हुए। हारिस राउफ ने उन्हें अपना शिकार बनाया। वहीं सीरीज खत्म होने के हारिस राउफ ने कहा कि लकी हैं, जो वह सुपरस्टार और दिग्गज ग्लेन मैक्सवेल को तीन बार आउट करने में सफल रहे।'

ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल तीनों मैच में हारिस राउफ के खिलाफ संघर्ष करते हुए नजर आए। दो मैचों में वह खाता भी नहीं खोल सके। हारिस राउफ ने कहा, "मैक्सी (मैक्सवेल) एक सुपरस्टार है, एक दिग्गज। मैंने उन्हें आउट करने का प्रयास किया और मैं लकी हूं कि सीरीज में उन्हें तीन बार आउट किया।"

पाकिस्तान के खिलाफ पहले वनडे में मैक्सवेल क्रीज पर आए और गोल्डन डक हुए। दूसरे वनडे में मैक्सवेल ने कुछ देर तक क्रीज पर टिके रहे। हालांकि राउफ ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। मैक्सवेल 27 गेंद में 16 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे वनडे में मैक्सवेल 4 गेंद खेलकर आउट हुए।

वनडे फॉर्मेट में पिछले पांच सालों में मैक्सवेल तीन बार जीरो पर आउट हुए हैं और दिलचस्प बात ये है कि तीनों बार वह पाकिस्तान के खिलाफ बिना खाता खोले पवेलियन लौटे।

# 28वीं बॉम्बे वाईएमसीए ओपन स्टेट लेवल बास्केटबॉल प्रतियोगिता रोमांचक फाइनल के साथ संपन्न हुई

## महिला वर्ग में सेंट्रल रेलवे और पुरुष वर्ग में नागपाड़ा बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) ने जीत दर्ज की

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे वाईएमसीए की 28वीं ओपन स्टेट लेवल बास्केटबॉल प्रतियोगिता आज वाईएमसीए घाटकोपर शाखा में 20 अक्टूबर से 9 नवंबर तक आयोजित मैचों की एक एक्शन से भरपूर श्रृंखला के बाद संपन्न हुई। महाराष्ट्र की सर्वश्रेष्ठ बास्केटबॉल प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए, पुणे, नासिक, वर्धा और रायगढ़ सहित राज्य भर के शहरों से 124 टीमों ने भाग लिया। बॉम्बे वाईएमसीए के अध्यक्ष और घाटकोपर वाईएमसीए में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नोएल अम्माना ने प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर घाटकोपर वाईएमसीए के अध्यक्ष बॉबी कुंदर, बॉम्बे वाईएमसीए के महासचिव ऑस्टिन कुंदर, घाटकोपर शाखा की सचिव शीतल गुप्ता, वाईएमसीए सचिव और बॉम्बे वाईएमसीए के मानद सदस्य भी उपस्थित थे।

बॉम्बे वाईएमसीए के महासचिव ऑस्टिन कुंदर ने कहा, 'हमें महाराष्ट्र के प्रमुख बास्केटबॉल आयोजनों में से एक की मेजबानी करने पर गर्व है। प्रभावशाली उपस्थिति और प्रतिस्पर्धा का स्तर इस टूर्नामेंट की लोकप्रियता और क्षमता को रेखांकित करता है। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित जुनून और प्रतिभा को देखना सम्मान की बात है।' बॉम्बे वाईएमसीए के अध्यक्ष श्री नोएल अम्माना ने युवाओं और खेलों के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया क्योंकि यह अपना 150वां वर्ष मना रहा है। 'वाईएमसीए 150 वर्षों से सामुदायिक सेवा और एथलेटिक विकास के लिए समर्पित है, जिसने भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार किया है। इस तरह के आयोजन खेल प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी को बढ़ावा देने के लिए अभिन्न अंग हैं।' कनेक्टवेल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के उदार प्रायोजन से संभव हुआ 16 दिवसीय कार्यक्रम। लिमिटेड, लकड़वाला ग्रुप ऑफ़ कंपनीज़ और नेक्सटेक ने सभी उम्र के खिलाड़ियों को एक साथ लाया, जिसमें छह श्रेणियों में कड़ी प्रतिस्पर्धा और सौहार्द दिखाया गया।

### अंतिम परिणाम :

- अंडर/13 लड़कियां : विजेता – प्रोनेट्स क्लब; उपविजेता – हाई5 यूथ फाउंडेशन
- अंडर/13 लड़के : विजेता – नागपाड़ा बास्केटबॉल एसोसिएशन; उपविजेता – प्रोनेट्स क्लब
- अंडर/16 लड़के : विजेता – मस्तान वाईएमसीए; उपविजेता – वाईएमसीए इंटरनेशनल हाउस
- अंडर/16 लड़कियां : विजेता – फातिमा स्पोर्ट्स क्लब; उपविजेता – प्रोनेट्स क्लब
- महिलाएं : विजेता – सेंट्रल रेलवे; उपविजेता – वेस्टर्न रेलवे
- पुरुष : विजेता – नागपाड़ा बास्केटबॉल एसोसिएशन; उपविजेता – पुणे कस्टम्स

# भूल भुलैया 3 की हुई बल्ले-बल्ले दूसरे संडे कमाई में मचाया तहलका

निर्देशक अनीस बज्मी और कार्तिक आर्यन की जोड़ी का जादू एक फिर से भूल भुलैया 3 के जरिए फैंस पर चल गया है। दीवाली पर रिलीज होने वाली इस हॉरर कॉमेडी फिल्म ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन कर के दिखाया है। कमाई के मामले में भूल भुलैया 3 का धमाल सेकंड वीक में भी जारी है। इस आधार पर दूसरे रविवार को एक बार फिर से कार्तिक आर्यन की मूवी ने हैरान करने वाला कारोबार कर लिया है और रिलीज के 10वें दिन इतने करोड़ के नोट छाप लिए हैं।

### कार्तिक आर्यन की पहली 200 करोड़ वाली फिल्म

बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ कमाने के साथ ही भूल भुलैया 3 कार्तिक आर्यन की पहली ऐसी फिल्म बन गई है, जिसने कमाई का ये जादुई आंकड़ा छूआ है। इससे पहले साल 2022 में आई इसी हॉरर कॉमेडी फ्रेंचाइजी की दूसरी किस्त यानी भूल भुलैया 2 ने 185 करोड़ का कारोबार किया था।

### दूसरे संडे भूल भुलैया की धूम

1 नवंबर को भूल भुलैया 3 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है और तब से लेकर अब तक ये मूवी बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में हार मानने को तैयार नहीं है। हर रोज इस हॉरर कॉमेडी की कमाई में इजाफा देखने को मिला है, जिसके दम पर रिलीज के 10वें दिन भूल भुलैया 2 ने अब 200 करोड़ का जादुई आंकड़ा भी पार कर लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार भूल भुलैया 3 ने दूसरे संडे को बॉक्स ऑफिस पर खबर लिखे जाने तक 14 करोड़ का काराबोर कर लिया है, इसके आधार पर अब कार्तिक आर्यन की इस फिल्म की नेट कमाई 210 करोड़ के पार निकल गई है। शनिवार के कलेक्शन के बाद इस फिल्म को 200 करोड़ का आंकड़ा छूने के लिए महज 3 करोड़ की जरूरत, जो रविवार की छुट्टी पर भूल भुलैया 3 ने आसानी से पार कर लिया है।

# प्रभास की 'सलार 2' में डॉन ली की एंट्री से रोमांचित हुए फैंस

प्रभास की फिल्म 'सलार 2' में हॉलीवुड अभिनेता डॉन ली नजर आने वाले हैं। यह खबर सुनने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट चरम पर पहुंच गई है। फैंस प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'सलार 2' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कमेंट में उन्होंने यह कहा है कि वह प्रभास और डॉन ली के बीच में महामुकाबला देखने के लिए बेताब हैं।

साउथ सिनेमा की बेहतरीन फिल्में हॉलीवुड की फिल्मों को टक्कर देती है। लेकिन अब साउथ की ही एक फिल्म में हॉलीवुड के कलाकार भी नजर आएंगे। यह साउथ सिनेमा और हॉलीवुड का संगम दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। प्रभास की फिल्म वैसे तो पूरे देश में धूम मचाती है। बाहुबली और कल्कि ने देश और दुनिया भर में अपनी पहचान बनाई, तो वहीं प्रभास की अगली फिल्म को लेकर भी दर्शकों के बीच रोमांच बढ़ गया है। प्रभास की अपकमिंग फिल्म में हॉलीवुड कलाकार डॉन ली नजर आएंगे। हॉलीवुड एक्टर डॉन ली ने अपने इंस्टाग्राम पर 5 सेकंड का बूमरैंग वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें सलार 2 के पोस्टर को दिखाया गया, उन्होंने इस पोस्ट की तारीफ की और थम्स अप का इमोजी बना कर इसे साझा किया था। डॉन ली की इसी पोस्ट को होमब्ले फिल्म्स ने फिर से पोस्ट करके इस बात की पुष्टि कर दी कि वह प्रभास के साथ काम करने वाले हैं और इसी के बाद से दर्शकों के बीच जबरदस्त रोमांच देखने को मिल रहा है। प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'सलार 2' की अगर बात करें तो इस फिल्म में उनके साथ डॉन ली के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन, जगपति बाबू, श्रीया रेड्डी जैसे बेहतरीन कलाकार नजर आने वाले हैं।

# धनुष के साथ कृति सेनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' की शुरू हुई शूटिंग

कृति सेनन फिलहाल अपनी फिल्म 'दो पत्ती' को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें वह काजोल के साथ अहम भूमिका में नजर आई। उनका गाना भी लोगों को काफी पसंद आया। इसी बीच कृति सेनन, धनुष के साथ अपकमिंग फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू करने वाली हैं, ऐसी जानकारी सामने आई है। फिल्म के बारे में निर्देशक आनंद एल राय ने ताजा अपडेट दिया है।

कृति सेनन और धनुष की अपकमिंग फिल्म 'तेरे इश्क में' की शूटिंग की तैयारी शुरू हो गई है। कृति सेनन शूटिंग की तैयारी में जुटी हुई हैं। वही धनुष जो अपने कमिटमेंट को लेकर अन्य फिल्म की शूटिंग में व्यस्त थे, अब उन्होंने भी 'तेरे इश्क में की शूटिंग में हिस्सा लेने के लिए हामी भर दी है। जल्द ही फिल्म की शूटिंग की शुरुआत हो जाएगी। खुद इस बात का खुलासा निर्देशक आनंद राय करते हुए नजर आए हैं।

आनंद एल राय ने 'तेरे इश्क में' फिल्म से जुड़ी जानकारी साझा की है और बताया है कि फिल्म की शूटिंग की शुरुआत जल्द ही होने वाली है। धनुष को समय मिल गया है। धनुष की अनउपलब्धता की वजह से फिल्म की शूटिंग रुकी हुई थी, लेकिन अब वह उपलब्ध हो गए हैं। ऐसे में शूटिंग की शुरुआत जल्द होगी। बातचीत के दौरान आनंद एल राय ने यह भी बताया कि लोग इस फिल्म की तुलना रांझणा फिल्म से कर रहे हैं, जबकि यह रांझणा फिल्म से अलग कहानी है। दरअसल दर्शकों को इसमें रांझणा का एहसास जरूर होगा, लेकिन यह कहानी पूरी तरह से अलग है।

# द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग का हुआ आगाज

विवेक रंजन अग्निहोत्री की बहुचर्चित फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' की शूटिंग की शुरुआत हो गई है। काफी समय से फिल्म को लेकर रिसर्च चल रही थी। विवेक ने पहले 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म बनाई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाल मचाया था। फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' की शूटिंग की शुरुआत का ऐलान अग्निहोत्री ने किया है और एक्स (पहले ट्विटर) पर फिल्म से जुड़ी जानकारी भी साझा की है।

फिल्म निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री, जिन्हें उनकी फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' के लिए जाना जाता है, उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपनी आगामी फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स – द बंगाल चैप्टर' की शूटिंग शुरू कर दी है। निर्देशक ने अपने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ खबर साझा की, क्योंकि उन्होंने सेट से पर्दे के पीछे का वीडियो पोस्ट किया। अग्निहोत्री ने रविवार को अपने एक्स के साथ एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें टीम फिल्म के निर्माण की शुरुआत को चिह्नित करते हुए पारंपरिक पूजा करती हुई दिखाई दे रही है।

अजब गजब हुआ महाराष्ट्र का चुनाव

# पति बनाम पत्नी चाचा बनाम भतीजा

प्रतिद्वंद्वियों पर वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाने वाले राजनीतिक दलों के बीच महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कुछ सीटों पर भाइयों, रिश्तेदारों और पिता-बच्चों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। एक सीट पर तो पति और पत्नी के बीच मुकाबला है। पवार परिवार के बीच हाई-प्रोफाइल मुकाबले में शरद पवार नीत एनसीपी(एसपी) से उम्मीदवार युगेंद्र बारामती सीट पर सत्तारूढ़ एनसीपी प्रमुख अपने चाचा अजित पवार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। अजित सात बार बारामती से चुनाव जीत चुके हैं और एक बार यहीं से संसद भी पहुंचे हैं। यह दूसरी बार है जब पवार खानदान के गढ़ बारामती में परिवार के बीच ही मुकाबला हो रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार को उनकी ननद और एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले ने बारामती संसदीय सीट से हराया था। पड़ोसे करजत-जामखेड सीट से अजित के एक और भतीजे रोहित एनसीपी (एसपी) उम्मीदवार के तौर पर भाजपा के राम शिंदे के खिलाफ मैदान में हैं।

### पत्नी के खिलाफ निर्दलीय उतरे

छत्रपति संभाजीनगर के कन्नड़ निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार हर्षवर्धन जाधव अपनी अलग रह रही पत्नी और शिवसेना उम्मीदवार संजना जाधव के खिलाफ चुनाव मैदन में हैं। संजना भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे की बेटी हैं। संजना के भाई संतोष दानवे भाजपा उम्मीदवार के तौर पर भोकरदन से चुनाव लड़ रहे हैं।

### दो पूर्व मुख्यमंत्री के दो-दो बेटे मैदान में

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के बेटे एवं कांग्रेस प्रत्याशी अमित देशमुख और धीरज देशमुख क्रमशः लातूर शहर और लातूर ग्रामीण सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह, भाजपा सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे के बेटे नितेश राणे और निलेश राणे क्रमशः शिवसेना और भाजपा प्रत्याशी के तौर पर कुडाल और कणकवली से मुकाबले में हैं।

### ठाकरे परिवार से दो उम्मीदवार, एक रिश्तेदार

मुंबई में ठाकरे परिवार के सदस्य अलग-अलग सीटों से चुनावी मुकाबले में हैं। शिवसेना (यूबीटी) के मौजूदा विधायक आदित्य ठाकरे वर्ली से पुनः चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि उनकी मौसी के बेटे वरुण सरदेसाई पार्टी की टिकट पर वांद्रे (बांद्रा) पूर्व से पार्टी के उम्मीदवार हैं। मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित माहिम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### पिता और पुत्र विरोधी खेमे में

पूर्व मंत्री गणेश नाइक भाजपा प्रत्याशी के तौर पर ऐरोली सीट से लड़ रहे हैं, जबकि उनके बेटे संदीप एनसीपी (एसपी) प्रत्याशी के तौर पर पड़ोसी बेलापुर सीट से मुकाबले में हैं। मंत्री विजयकुमार गावित भाजपा प्रत्याशी के तौर पर नंदुरबार सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जबकि उनकी बेटी हिना निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पड़ोसी अक्कलकुवा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

### कुछ अन्य प्रत्याशी

**एनसीपी (एसपी) :** इस्लामपुर से पार्टी के प्रदेश प्रमुख जयंत पाटिल और राहुरी से उनके भतीजे प्राजक्त तनपुरे।

**एनसीपी :** येवला से मंत्री छगन भुजबल, जबकि उनके भतीजे समीर निर्दलीय नंदगांव से।

भाजपा : मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार वांद्रे (बांद्रा) पश्चिम से और भाई विनोद शेलार मलाड पश्चिम से ।

# वोट जिहाद Vs वोटों का धर्मयुद्ध!

## महाराष्ट्र इलेक्शन का एजेंडा तय

रणनीति

धीरज सिंह

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जैसे-जैसे मतदान का दिन करीब आ रहा है, राजनीतिक माहौल भी गरमाता जा रहा है। बीजेपी-शिवसेना-एनसीपी (अजित पवार गुट) की महायुति और कांग्रेस-शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)-एनसीपी (शरद पवार गुट) की महाविकास अघाड़ी के बीच कड़ा मुकाबला दिख रहा है। दोनों गठबंधनों ने अपने चुनावी घोषणापत्र में महिलाओं, किसानों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों के कल्याण की योजनाओं पर जोर दिया है। बीजेपी अपने अभियानों में 'बंटेंगे तो कटेंगे' और अनुच्छेद 370 का मुद्दा उठाकर महाविकास अघाड़ी पर निशाना साध रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिया गया यह नारा अब महाराष्ट्र और झारखंड चुनावों में भी जोर-शोर से प्रचारित किया जा रहा है। वहीं, कांग्रेस जाति जनगणना, संविधान बचाने और दलितों व मुस्लिमों के हक की बात कर रही है। इसके अलावा, महाविकास अघाड़ी ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने, मुस्लिमों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण और मौलवियों के लिए भत्ता देने जैसे मुद्दों का समर्थन कर यह संकेत दिया है कि वह अल्पसंख्यक समुदाय को विशेष महत्व दे रही है। इस तरह, जहां महायुति धार्मिक और राष्ट्रवादी एजेंडों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, वहीं महाविकास अघाड़ी सामाजिक न्याय और अल्पसंख्यक अधिकारों को अपने एजेंडे में प्रमुखता दे रही है। चुनाव के अंतिम दिनों में यह देखना रोचक होगा कि कौन-सा गठबंधन मतदाताओं को अधिक प्रभावित कर पाएगा।

### बंटेंगे तो कटेंगे... पर लड़ा जा रहा चुनाव

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे ने राजनीतिक माहौल में तीखी धार ला दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नारे को आगे बढ़ाते हुए महाराष्ट्र में एकता का आह्वान करते हुए कहा, 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।' उन्होंने कांग्रेस पर आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों को बांटने और उनके अधिकारों को खतरे में डालने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री के मुताबिक, कांग्रेस इन वर्गों को विभाजित कर उनके आरक्षण को छीनने की योजना बना रही है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस नारे को महाराष्ट्र में एक नई दिशा दी। उन्होंने संभाजीनगर में एक सभा में इसे 'वोटों के धर्मयुद्ध' का नाम देते हुए कहा कि यह चुनाव सांप्रदायिक एकता और राष्ट्रवाद के लिए महत्वपूर्ण है। फडणवीस ने लोकसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि धुले और मालेगांव जैसी जगहों पर वोटों के बंटवारे के कारण बीजेपी उम्मीदवारों को नुकसान उठाना पड़ा था। फडणवीस ने बालासाहेब ठाकरे को 'हिंदू सम्राट' का दर्जा देते हुए यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग (संकेत उद्धव ठाकरे की ओर था) उन्हें यह कहने में शर्म महसूस करते हैं। महायुति का फोकस एकता और धार्मिक राष्ट्रवाद पर है, जबकि महाविकास अघाड़ी सामाजिक न्याय और अल्पसंख्यकों के हक की बात कर रही है। ऐसे में, चुनाव का एजेंडा इन दोनों गुटों की विचारधाराओं के इर्द-गिर्द ही तय हो रहा है, और मतदाताओं के सामने यह निर्णय करना है कि वे किस पक्ष को अधिक समर्थन देंगे।

### मुस्लिमों को आरक्षण, उलेमा को समर्थन

वहीं, महाविकास अघाड़ी भी वोटों के ध्रवीकरण में पीछे नहीं दिख रही है। अखिल भारतीय उलेमा बोर्ड, महाराष्ट्र ने महाविकास अघाड़ी की पार्टियों कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर 17 सूत्री मांग की। इन मांगों में नौकरी और शिक्षा में 10% मुस्लिम आरक्षण, वक्फ बिल का विरोध, सरकार बनने पर आरएसएस पर प्रतिबंध और इमाम और मौलाना का मासिक 15000 रुपए भत्ता जैसी शर्तें रखी गईं और जिसे कांग्रेस और एनसीपी शरद पवार ने पत्र देकर औपचारिक रूप से स्वीकार भी कर लिया और उलेमा बोर्ड से महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार करने की अपील की भी की है।

### वोट जिहाद बनाम वोटों का धर्मयुद्ध क्यों?

इस तरह से इस चुनाव में वोट जिहाद बनाम वोटों का धर्मयुद्ध एक बड़ा एजेंडा बनाने की कोशिश बीजेपी कर रही है, तो कांग्रेस जाति जनगणना, संविधान बचाने, दलितों और पिछड़ों के अधिकार और बीजेपी पर हमला पर फोकस कर रही है। इस एजेंडे को महाराष्ट्र में जातियों के समीकरण से समझना होगा। साल 2011 की जनगणना के अनुसार यहां मराठा लगभग 32 प्रतिशत हैं। दलित 14, मुस्लिम 11।54 प्रतिशत और आदिवासी 9।35 प्रतिशत हैं। यह कुल आबादी का लगभग 65 प्रतिशत है। ये मतदाता कुल मतदाताओं के करीब 60 प्रतिशत है और उनके समर्थन से ही लोकसभा चुनाव में एमवीए के वोट शेयर 44 प्रतिशत तक पहुंच गया था और 48 में से 31 सीटें हासिल की। वहीं, महायुति को केवल 17 सीटों से संतोष करना पड़ा है। चुनावी आंकड़ों से साफ है कि इन जातियों की वोटों के कारण 48 लोकसभा क्षेत्रों में से 14 पर महाविकास अघाड़ी को जीत मिली। मुस्लिम वोटों के एकजुट होने से महायुति को भारी नुकसान हुआ। यहां बता दें कि राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से 30 निर्वाचन क्षेत्र ऐसे हैं जहां मुस्लिम वोट कुल मतदाताओं के 10 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक हैं और इन्होंने एमवीए के पक्ष में एकजुट होकर वोट किया था।

### MMD-DMK पर MVA का दांव

1980 के दशक में जब महाराष्ट्र में कांग्रेस का वर्चस्व था, तब उसने सफलतापूर्वक चुनावी फॉर्मूला तैयार किया था। विदर्भ में इसे डीएमके (दलित-मुस्लिम-कुनबी) कहा जाता था, जबकि राज्य के बाकी हिस्सों में इसे एमएमडी (मराठा-मुस्लिम-दलित) कहा जाता था। कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी की नजर इन वोटों पर है और इनके बल पर लोकसभा की तर्ज पर विधानसभा में जीत हासिल करना चाहती है। दूसरी ओर, मनोज जरांगे मराठा आरक्षण की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर भी मराठा में नाराजगी है। मराठा आरक्षण भी एक मुद्दा है। हालांकि यह 20 नवंबर को मतदान बताएगा कि 23 नवंबर को राज्य में किसकी सरकार बनेगी। लोकसभा चुनाव परिणामों से साफ है कि राज्य के कुछ हिस्सों में दलित, आदिवासी और मराठा एमवीए के पक्ष में एकजुट हुए। महिलाओं, किसानों और ग्रामीण युवाओं के वर्गों ने भी एमवीए का समर्थन किया और इसका लाभ महाविकास अघाड़ी को मिला।

### दलित, मराठी और मस्लिम पर क्यों है फोकस?

इसके साथ ही महाराष्ट्र में, 29 अनुसूचित जाति (एससी) आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र हैं। महाराष्ट्र में दलित कांग्रेस और राज्य की रिपब्लिकन पार्टियों को वोट करते हैं। प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी ने अलग उम्मीदवार खड़ा किया है। राज्य में 14 प्रतिशत दलित हैं, जिनमें से 7 प्रतिशत बौद्ध दलित हैं, बौद्ध दलित धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील राजनीति के प्रबल समर्थक रहे हैं, लेकिन गैर-बौद्ध दलित, जो अभी भी हिंदू धर्म के भीतर हैं, स्थानीय स्थिति के अनुसार वोट करते हैं।

इस कारण बीजेपी लगातार आरोप लगा रही है कि कांग्रेस दलितों और पिछड़ों का बांटने की कोशिश कर रही है और उनका आरक्षण समाप्त करना चाहती है और भाजपा मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाकर वोट जेहाद के मुद्दे पर आक्रामक है। वहीं कांग्रेस फिर से मुस्लिम, दलित और मराठा को एकजुट करने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी 6 नवंबर को नागपुर से महाराष्ट्र अभियान की शुरुआत संविधान सम्मान सम्मेलन से की थी, इसका उद्देश्य उद्देश्य महाराष्ट्र में दलित वोट हासिल करना है। नागपुर आरएसएस का मुख्यालय है।

# मिनी उत्तर प्रदेश में त्रिकोणीय मुकाबला

## क्षितिज ठाकुर की हैट्रिक पर ब्रेक लगेगी या लिखा जाएगा नया अध्याय

ग्राउंड रिपोर्ट

अमित बृज

नालासोपारा विधानसभा सीट पर इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प है, जहाँ महायुति और बहुजन विकास आघाडी (बविआ) के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। इस सीट को पालघर जिले की हॉट सीट माना जा रहा है, और वर्तमान में तीन बार के विधायक क्षितिज ठाकुर बविआ से यहाँ अपनी जीत की हैट्रिक पूरी कर चुके हैं। हालाँकि, इस बार का चुनाव उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि महायुति ने यहाँ अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। महाआघाडी और प्रहार जनशक्ति के उम्मीदवार भी इस सीट पर मौजूद हैं, लेकिन चुनावी माहौल को देखते हुए मुख्य लड़ाई महायुति और बविआ के बीच ही प्रतीत हो रही है। महायुति की ओर से जातीय समीकरणों और विकास के मुद्दों पर फोकस किया जा रहा है, जिससे चुनाव का रुख प्रभावित हो सकता है। वहीं, बविआ के क्षितिज ठाकुर के पास इस क्षेत्र में पिछले कार्यकालों के आधार पर एक मजबूत जनाधार है। किस पार्टी की दावेदारी ज्यादा मजबूत साबित होगी, यह तो परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा, लेकिन इतना तय है कि नालासोपारा की जनता के लिए यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण होगा।

### उत्तर भारतीयों को साधने की कोशिश

नालासोपारा को 'मिनी उत्तर प्रदेश' कहा जाता है, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय समुदाय का प्रभाव है। इसे देखते हुए महायुति ने यहां चुनावी प्रचार में खास तैयारी की है। महायुति के उम्मीदवार राजन नाईक के समर्थन में बीजेपी ने डोर-टू-डोर अभियान शुरू कर दिया है और उत्तर भारतीय मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए गायक और सांसद मनोज तिवारी का रोड शो आयोजित किया। तिवारी का उत्तर भारतीय समुदाय में लोकप्रियता को देखते हुए पार्टी को उनके प्रचार से काफी समर्थन मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की सभाएं और रोड शो भी योजनाबद्ध किए गए हैं। इस चुनावी माहौल को और गर्माने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे बड़े नेताओं की रैलियां आयोजित होने की संभावना है। इन बड़े नेताओं की उपस्थिति से महायुति के उम्मीदवार को उत्तर भारतीय मतदाताओं के बीच और अधिक समर्थन मिलने की उम्मीद है, जिससे यह सीट महायुति के लिए मजबूत स्थिति में आ सकती है।

### 41 हजार मतदाता बढ़े

2019 के विधानसभा चुनाव में महायुति के उम्मीदवार प्रदीप शर्मा को नालासोपारा सीट पर 46,000 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन इस बार की स्थिति थोड़ी अलग हो सकती है, क्योंकि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में महायुति के उम्मीदवार डॉ. हेमंत सावरा को क्षेत्र से 1,36,000 वोट मिले थे, जो महायुति के लिए सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा, नालासोपारा निर्वाचन क्षेत्र में हाल ही में 41,000 नए मतदाताओं का इजाफा हुआ है, जिससे कुल मतदाता संख्या अब 5,96,995 हो गई है।

वर्तमान में इस विधानसभा क्षेत्र में महिला मतदाताओं की संख्या 2,75,070 है, जबकि पुरुष मतदाता 3,21,807 हैं और 121 थर्ड जेंडर मतदाता भी हैं। मतदाताओं की संख्या में हुई इस वृद्धि के साथ, महायुति इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है, खासकर उत्तर भारतीय मतदाताओं और नए मतदाताओं पर फोकस करते हुए अपनी रणनीति को आगे बढ़ा रही है।

### कई बड़े मुद्दे

नालासोपारा शहर में ट्रैफिक जाम, खराब सड़कों और फेरीवालों की समस्याएं लंबे समय से अनसुलझी हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को हर दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खराब सड़कों की वजह से वाहन धीमी गति से चलते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम और बढ़ जाता है। इससे आवागमन में बाधा आती है और रोजमर्रा के कामकाज में देरी होती है। फेरीवालों के लिए उचित मार्केट जोन न होने से वे सड़क किनारे अपनी दुकानें लगाने के लिए मजबूर हैं, जो न केवल यातायात में रुकावट डालते हैं बल्कि पैदल चलने वालों के लिए भी समस्याएं पैदा करते हैं। इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रशासन को व्यवस्थित रूप से एक मार्केट जोन स्थापित करना होगा, जिससे फेरीवालों को एक सुरक्षित स्थान मिले और यातायात भी सुचारू रूप से चले। इन मुद्दों का समाधान स्थानीय प्रशासन के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। सड़कों की मरम्मत, बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट, और फेरीवालों के लिए एक स्थायी मार्केट जोन का निर्माण जैसे कदम नालासोपारा के निवासियों के जीवन में बहुत बड़ा सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

### 41 अवैध इमारतों का मुद्दा बनेगा चुनावी फैक्टर

नालासोपारा में 41 अवैध इमारतों का मुद्दा हाल के समय में पूरे राज्य में चर्चा का विषय बना हुआ है। इन विवादित इमारतों में लगभग 3,000 परिवार रहते हैं, जो पिछले दस वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं और मतदान में हिस्सा लेते आ रहे हैं। बहुजन विकास आघाड़ी के पूर्व नगरसेवक सीताराम गुप्ता पर आरोप है कि उन्होंने रिजर्व जमीन पर कब्जा करके अवैध रूप से चार-चार मंजिला इमारतों का निर्माण किया। इस मामले में एक जनहित याचिका के तहत हाई कोर्ट ने इन अवैध इमारतों को गिराने का आदेश दिया है, जिससे स्थानीय निवासियों में भय और असमंजस की स्थिति है। कोर्ट के इस आदेश ने उन परिवारों के भविष्य को अनिश्चित बना दिया है जो इन इमारतों में बसे हुए हैं। हालांकि, चुनाव तक इस तोड़क कार्रवाई पर रोक लगाई गई है, जिससे निवासियों को फिलहाल राहत मिली है। यह मुद्दा अब चुनाव में भी महत्वपूर्ण बन गया है, क्योंकि इन प्रभावित परिवारों के वोट इस बार चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं। राजनीतिक दलों के लिए यह चुनौती है कि वे इन निवासियों के सामने अपनी नीतियों को स्पष्ट करें और समस्या का समाधान निकालने का भरोसा दिलाएं।